दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। रविवार 07 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 268 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा बजट सत्र

## 23 जुलाई को वित्तमंत्री पेश करेंगी बजट

**नई दिल्ली।** आगामी बजट सत्र की तारीखों का एलान हो चुका है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी तारीखों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी बजट सत्र का शुभारंभ 22 जुलाई को होगा। यह 12 अगस्त तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने केंद्र सरकार की सिफारिश पर अपनी मुहर लगा दी है। किरेन रिजिजू ने यह भी बताया कि बजट सत्र के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद म बजट पेश करेंगी। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चुनावी साल में फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था। गौरतलब है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी।




इस बार के बजट में उम्मीद जताई जा रही है कि मोदी 3.0 सरकार के विकसित भारत के मिशन पर जोर दिया जाएगा। आम चुनाव के नतीजों के बाद 24 जून से दो जुलाई तक चले 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में नये सदस्यों के शपथ लेने के बाद यह संसद का पहला पूर्ण सत्र होगा।

संसदीयकार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के माननीय राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर, संसद के दोनों सदनों को बजट सत्र, 2024 के लिए 22 जुलाई, 2024 से 12 अगस्त, 2024 तक (संसदीयकार्य की अनिवार्यता के अधीन) बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।




# जब कैबिनेट मंत्री- सांसद-विधायक बैठे निगम और जीडीए अधिकारियों को लेकर एक साथ

# तब निगम किराये से लेकर हैंडओवर मुद्दों पर हुई बात और निकला कई विषयों पर समाधान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक सामान्य संदेश ये जा रहा था कि कई चीजों का समाधान होना है और नई सरकार गठित होने के बाद भी समाधान नहीं हो रहा है। जिले में एक कैबिनेट मंत्री, एक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं और फिर भी कई समस्यायें हैं।

शनिवार को प्रताप विहार के जल निगम गेस्ट हाऊस में जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा जब जीडीए वीसी अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व अन्य अधिकारियों को साथ लेकर बैठे तो कई मुद्दों पर बात हुई और कई चीजों का समाधान निकला। जल निगम गेस्ट हाऊस में समीक्षा बैठक में स्वच्छता, अवैध निर्माण, नक्शा पास कराने जैसी समस्याओं को लेकर बात हुई और यहां लोकसभा सांसद से लेकर विधायकों ने अपनी बात रखी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा यह बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में जिले के स्वच्छता विकास कार्यों से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा हुई। अवैध कॉलोनी के निर्माण पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के निर्देश दिये गये। प्रताप विहार और इन्दिरापुरम में सीवर की समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। मुरादनगर और धौलाना में बने कूड़ा घर को जल्द से जल्द हटाने और नई व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। कूड़ा निस्तारण प्लांट की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये गये और कैलाश मानसरोवर भवन को जल्द ही हैंडओवर करने के निर्देश दिये गये।



### सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने निकाली निगम दुकानों के समाधान की राह





करंट क्राइम। नगर निगम की 1702 दुकानें हैं और इन दुकानों की किराया वृद्धि को लेकर दुकानदार परेशान हैं। वो सब जगह गुहार लगा चुके हैं। शनिवार को जब बैठक हुई तो यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस मुद्दे को उठाया और उनके द्वारा इस मुद्दे को उठाने के बाद नगर निगम की दुकानों के किराये के समाधान की एक उम्मीद बन गई है। इस बैठक में ये तय हो गया कि नगर निगम की दुकानों का जो किराया बढ़ाया गया है उस पर पुर्नविचार होगा। नगर निगम की बोर्ड बैठक में सदन तय करेगा कि किराया कितना होना चाहिए। इस बैठक में यह भी तय हुआ कि जिन दुकानदारों ने पगड़ी देकर दुकानें किराये पर ली हैं उन पर किराया वृद्धि का नियम लागू नहीं होगा।

### मुरादनगर विधायक ने उठाया कूड़े का सवाल और कहा सभी विधानसभाओं में निस्तारित हो कूड़ा



करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने मुरादनगर विधानसभा में नगर निगम द्वारा डाले जा रहे कूड़े को लेकर सवाल उठाया। अजीत पाल त्यागी ने कहा कि मुरादनगर में कूड़ा निस्तारण के बाद यहां लोगों को परेशानी हो रही है। इसके बाद ये सहमति बनी कि सभी विधानसभाओं में कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाये जायें और नगर निगम के सभी वार्डों में कूड़ा निस्तारण केन्द्र का इंतजाम किया जाये। विधानसभा क्षेत्र मुरादनगर के मोरटा और धौलाना विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बने कूड़ा घर को जल्द से जल्द हटाने और नई व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। इतना ही नहीं कूड़ा निस्तारण की प्लांट की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये ताकि आमजन को किसी प्रकार की समस्या ना हो।

### एक महीने में जीडीए कर देगा नगर निगम को इन्दिरापुरम हैंडओवर

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम के पार्षद जिस हैंडओवर को लेकर लगातार अभियान चला रहे हैं। उस हैंडओवर के समाधान का रास्ता उस बैठक में निकला जिसमें लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक नन्द किशोर गुर्जर, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक धर्मेश तोमर तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा मौजूद थे। इस बैठक में ये तय हुआ कि जीडीए की कॉलोनी इन्दिरापुरम को हैंडओवर किया जायेगा। इन्दिरापुरम मौजूदा समय में जीडीए की कॉलोनी है और बैठक में अधिकारियों ने कहा कि एक महीने में इन्दिरापुरम को नगर निगम को हैंडओवर कर दिया जायेगा। इसके अलावा कैलाश मानसरोवर भवन को भी यथाशीघ्र हैंडओवर करने के निर्देश दिये गये।

### कांवड़ कैम्प से लेकर जनपद के स्वच्छता कार्यों पर हुई चर्चा

करंट क्राइम। जल निगम गेस्ट हाऊस में हुई बैठक में जनपद के स्वच्छता और विकास कार्यों पर चर्चा हुई। कांवड़ संबंधी कैम्पों में शिवभक्तों के रहने और खाने की उचित व्यवस्था, सुरक्षा की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये। जिससे कि शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके अलावा नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को आसान बनाने के निर्देश दिये गये और वैद्य निर्माण कर रहे व्यक्तियों को अनावश्यक परेशान ना किये जाने के निर्देश दिये गये। अवैध कॉलोनी के निर्माण पर पूर्ण रूप से रोकने के निर्देश दिये गये।

# जब करंट क्राइम ने किया एमएलसी दिनेश गोयल और मेयर सुनीता दयाल से मीटिंग में ना दिखने पर सवाल

# एमएलसी और मेयर ने स्पष्ट कहा कि ना था कोई निमंत्रण और ना ही थी बैठक की कोई जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जल निगम के गेस्ट हाऊस में एक बैठक हुई और इस बैठक में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग मौजूद थे। इस बैठक में मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा मौजूद थे। इस बैठक के मुख्य मुद्दों में स्वच्छता का कार्य, निगम की दुकानों के बढ़े किराये का मामला, कूड़ा घर को हटाने का मामला, कूड़ा निस्तारण प्लांट की संख्या बढ़ाने का मामला था। इस बैठक में नगर आयुक्त मौजूद थे। इस बैठक में जीडीए वीसी मौजूद थे और हैरान करने वाली बात ये थी कि निगम से जुड़े मुद्दे, निगम के बड़े अधिकारी नगर आयुक्त, जीडीए के बड़े अधिकारी उपाध्यक्ष मौजूद और इस बैठक में नगर निगम की मुखिया यानी मेयर सुनीता दयाल ही मौजूद नहीं। सांसद मौजूद, विधायक मौजूद, महानगर अध्यक्ष मौजूद लेकिन एमएलसी दिनेश गोयल ही मौजूद नहीं।

हो सकता है कि दोनों जनप्रतिनिधि शहर में ना हों। हो सकता है कि दोनों जनप्रतिनिधि किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्त हों। लेकिन कहानी का ट्विस्ट यही है कि दोनों जनप्रतिनिधि शहर में थे और उन्हें इस कार्यक्रम की खबर तक नहीं थी। दैनिक करंट क्राइम ने जब मेयर सुनीता दयाल से बात की तो उन्होंने कहा कि सूचना भी नहीं थी और एमएलसी दिनेश गोयल ने भी यही कहा कि उनके पास ऐसी किसी बैठक की जानकारी नहीं थी। ये सवाल बता रहे हैं कि कुछ तो मलाल चल रहा है। सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है।

राजनीति का स्टाइल बदला है समय बदला है। पिछले बरस जनरल वीके सिंह लोकसभा सांसद थे और आगामी पांच बरस के लिए अतुल गर्ग सांसद हैं। अब सियासत में कई परिवर्तन आये हैं और अब जादू की झप्पी वाला फ्लेवर ज्यादा है। अब साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री हैं और सांसद विधायक एकता का नारा गूंज रहा है। अब ना कोई दूरियां हैं और ना कोई मजबूरियां हैं। लेकिन तस्वीरें बता रहीं हैं कि जो चेहरे पहले जनरल वीके सिंह की बैठक में दिखाई देते थे वो अब कई बैठकों में नहीं है। संदेश यही है कि सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। जनरली जो चेहरे उनके करीब थे वो इनसे दूर हैं और संदेश यही है कि दूरियां का एहसास हो रहा है।

### मुझे मीटिंग का निमंत्रण तो दूर नहीं मिली सूचना भी : सुनीता दयाल



करंट क्राइम। मेयर सुनीता दयाल इस मीटिंग में क्यों नहीं गईं। इस बात को लेकर करंट क्राइम ने मेयर सुनीता दयाल से बात की। सवाल यही था कि क्या बुलाया गया और क्यों नहीं गये। तो यहां मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि इस बैठक का निमंत्रण तो दूर इसकी सूचना तक भी नहीं दी गई थी। हालांकि सूचना क्यों नहीं दी गई इसको लेकर मेयर ने बहुत ज्यादा रिएक्ट नहीं किया और बात को दूसरे मुद्दों पर फोकस किया।

### मैं था शहर में लेकिन नहीं थी मुझे कोई जानकारी : एमएलसी दिनेश गोयल



करंट क्राइम। एमएलसी दिनेश गोयल भी इस बैठक में नहीं थे और जब करंट क्राइम ने उनसे बैठक में ना होने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह शहर में ही मौजूद थे लेकिन इस बैठक कि उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि मेरे पास किसी तरह की कोई सूचना नहीं थी।

# श्रीदूधेश्वरनाथ मंदिर में 22जुलाई से 19 अगस्त तक मनेगा श्रावण महामहोत्सव: महंत नारायण गिरि

### 1 से 3 अगस्त तक मंदिर में लगेगा कांवड़ मेला

### श्रावण शिवरात्रि का जल 2 अगस्त को अपराह्न 3.30 बजे से चढ़ेगा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धपीठ श्रीदूधेश्वर मठ महादेव मंदिर में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक श्रावण महा महोत्सव मनाया जायेगा।

श्रावण मास 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। श्रीदूधेश्वर नाथ मंदिर में पूरे श्रावण मास श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार व श्रावण शिवरात्रि को तो मंदिर में देश-विदेश के श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पडता है। इसी के चलते मंदिर में श्रावण मास व श्रावण शिवरात्रिको लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। महोत्सव की तैयारियों के क्रम में मंदिर की पूरी तरह साज-सज्जा की जा रही है। सफाई, प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी जहां नगर निगम संभालेगा वहीं मंदिर एवं मंदिर के आसपास की सुरक्षा के लिए पुलिसबल का बड़े स्तर पर बंदोबस्त किया गया है।

**अभिषेक, रुद्राभिषेक व विशेष पूजा-अर्चना के लिए कराएं पंजीकरण**

### इस बार 22 जुलाई से 19 अगस्त तक श्रावण मास में होंगे पांच सोमवार

करंट क्राइम। श्रीदूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि ने बताया कि 22 जुलाई से 19 अगस्त तक श्रीदूधेश्वर नाथ श्रावण महामहोत्सव मनाया जाएगा और 1 अगस्त से 3 अगस्त तक श्रावण शिवरात्रि मेले का आयोजन होगा। श्रीदूधेश्वर पीठाधीश्वर नारायण गिरि ने बताया कि इस बार 22 जुलाई से 19 अगस्त तक श्रावण मास में पांच सोमवार होंगे। प्रथम सोमवार 22 जुलाई, दूसरा सोमवार 29 जुलाई, तीसरा सोमवार 5 अगस्त, चौथा सोमवार 12 अगस्त व पांचवा सोमवार 19 अगस्त को होगा।



**प्रत्येक सोमवार को मंदिर में देश-विदेश के श्रद्धालुओं का उमड़ पड़ता है सैलाब**





### 2 अगस्त को प्रात: 6 बजे से चढ़ेगा हाजरी त्रयोदशी का जल

करंट क्राइम। महंतश्री ने बताया कि इस बार श्रावण शिवरात्रि शुक्रवार 2 अगस्त को है। 2 अगस्त को प्रात : 6 बजे से हाजरी त्रयोदशी का जल चढ़ना प्रारंभ हो जाएगा। चतुर्दशी व शिवरात्रि का जल 2 अगस्त को अपरान्ह 3.30 से शुरू होकर शनिवार 3 अगस्त को 3.50 तक चढ़ेगा। शिवरात्रि का व्रत 2 अगस्त 2024 को ही रखा जाएगा। महंत नारायण गिरि ने बताया कि श्रावण मास में मंदिर के कपाट प्रात : 3 बजे से 5 बजे तक श्रृंगार व आरती के लिए बंद रहेंगे। मध्यान्ह 11.30 से 12 बजे तक भोग के लिए मंदिर के कपाट बंद रहेंगे और सायं 7 बजे से रात्रि 8 तक आरती व रात्रि 8.30बजे से रात्रि 9 बजे तक भोग के लिए मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार को मंदिर 24 घंटे खुलेगा, सिर्फ आरती व भोग के लिए ही मंदिर के कपाट बंद होंगे। रविवार की रात्रि 12 बजे से सोमवार की रात्रि 12 बजे तक भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक किया जा सकेगा। प्रत्येक सोमवार को भगवान का विशेष श्रृंगार व आरती होगी।

### भक्तों को विशेष पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में पूर्व पंजीकरण की सुविधा

करंट क्राइम। महाराजश्री ने बताया कि श्रीदूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर है और सिद्धपीठ भी है। यहां पर भगवान शिव दूधेश्वर भगवान के रूप में विराजमान हैं। इसी कारण श्रावण शिवरात्रि या श्रावण मास के सोमवार को ही नहीं पूरे सावन मास में भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना करने व उनका जलाभिषेक, अभिषेक व रूद्राभिषेक करने से भगवान दूधेश्वर की कृपा प्राप्त होती है और सभी कष्ट दूर होते हैं। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि पूरे सावन मास, सावन मास के प्रत्येक सोमवार व श्रावण शिवरात्रि पर भगवान दूधेश्वर के अभिषेक, रूद्राभिषेक व विशेष पूजा-अर्चना के लिए हजारों भक्त आते हैं। भक्तों की संख्या अधिक हो जाने से काफी भक्त भगवान का अभिषेक, रूद्राभिषेक या विशेष पूजा-अर्चना नहीं कर पाते हैं। जो भक्त इस बार श्रावण मास, श्रावण मास के सोमवार या श्रावण शिवरात्रि पर भगवान का अभिषेक, रूद्राभिषेक या विशेष पूजा-अर्चना कराना चाहते हैं, वे मोबाइल नंबर 9990571008, 999086834, 9350007503, 8630437157 पर संपर्क कर अपना पंजीकरण करा लें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

# पीएम मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से फोन पर की बात
## एफटीए को जल्द पूरा करने पर हुई चर्चा




**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कीर स्टार्मर के साथ फोन पर बातचीत की और उन्हें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण करने व लेबर पार्टी की जीत पर बधाई दी। दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर चर्चा की। पीएम मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द पूरा करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें जल्द भारत का दौरा करने के लिए भी आमंत्रित किया। ब्रिटेन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में भारतीय समुदाय के सकारात्मक योगदान की सराहना करते हुए दोनों नेता लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों ने भविष्य में संपर्क में रहने पर सहमति जताई।

### हाउस ऑफ कॉमन्स में लेबर पार्टी ने जीतीं 400 से ज्यादा सीटें

हाल के आम चुनाव में जीत के साथ लेबर पार्टी ने 14 साल बाद सत्ता में वापसी की है। उसने 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में 412 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी 118 सीटों पर सिमट गई। वहीं, लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी ने 71 सीटों पर जीत हासिल की। सुनक ने 23,059 वोटों के साथ उत्तरी इंग्लैंड में अपनी सीट हासिल की। 2019 के आम चुनाव में बोरिस जॉनसन के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी ने 365 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं, लेबर पार्टी को 202 सीटें हासिल हुई थीं।

### कीर स्टार्मर के मंत्रिमंडल में इन्हें मिली अहम जिम्मेदारी

लेबर पार्टी की नई सरकार में एंजेला रेन को उप प्रधानमंत्री, रचेल रीव्स को वित्त मंत्री, डेविड लमी को विदेश मंत्री, यिवेट कपूर को गृह मंत्री, जॉन हेली को रक्षा मंत्री, ब्रिजेट फिलिप्सन को शिक्षा मंत्री, एड मिलिबैंड को उर्जा मंत्री, जोनाथन रेनॉल्ड को व्यापार और वाणिज्य मंत्री, लुई हेघ को परिवहन मंत्री और शबाना महमूद को न्याय मंत्री बनाया गया है।

## सुक्खू सरकार सिर्फ चंद दिनों की मेहमानः अनुराग ठाकुर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इसी के मद्देनजर कांग्रेस और भाजपा प्रचार में जुटी हुई है। जन सभाओं और रैलियों के माध्यम से दोनों पार्टियों के नेता जनता से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। वो चुनाव में अपनी पार्टी को वोट करने की अपील कर रहे हैं। साथ ही इस दौरान भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर हमला भी कर रही है। एक जनसभा में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार विकास के लिए कुछ भी नहीं कर रही है। आप किसी भी विधानसभा में जाकर देख लीजिए उसकी हालत क्या है? उपचुनाव के लिए उनके पक्ष में माहौल नहीं है। ठाकुर ने कहा, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के क्षेत्र में भी लोकसभा चुनाव के दौरान उनको लीड नहीं मिली, लीड मुझे मिली है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहता हूं कि राज्य सरकार अब बस चंद दिनों की मेहमान है। इनके दिन अब बहुत ज्यादा नहीं हैं, लेकिन जरुरत है एक-एक सीट पर हमें जीतने की।

# जातीय हिंसा से झुलस रहे मणिपुर दौरे पर आठ जुलाई को जाएंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आठ जुलाई को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। पूर्वोत्तर का यह राज्य पिछले गई महीनों से हिंसा की आग में झुलस रहा है। राहुल गांधी वहां कांग्रेस नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले वो हाथरस के दौरे पर गए थे। बीते दिनों हाथरस में बाबा साकार हरि के सत्संग में मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। राहुल उन्हीं के परिजनों को सांत्वना देने हाथरस दौरे पर थे। इस बीच, उन्होंने केंद्र सरकार से पीड़ितों को मिलने वाली राशि को भी बढ़ाने का ऐलान किया था। वहीं, अब राहुल गांधी गुजरात गए हैं। हाथरस और अहमदाबाद के बाद राहुल गांधी ने मणिपुर जाने का ऐलान किया है। गौरतलब है कि मणिपुर के थोबल इलाके से ही राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की थी। राहुल मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। इससे पहले, उन्होंने इस मुद्दे को संसद में भी उठाया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने मणिपुर की दो लोकसभा सीटों पर जीत का पताका फहराया है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार लगातार मणिपुर की अनदेखी कर रही है। वो मणिपुर के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है, जैसे वो इस देश का हिस्सा ही ना हो। इस हिंसा की जद में आकर अब तक मणिपुर में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों मणिपुर में जारी हिंसा पर बयान देते हुए कहा था, ह्लहम मणिपुर मे स्थिति सामान्य करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अब तक 11 हजार से भी ज्यादा एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 500 से भी ज्यादा लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। मणिपुर के अधिकांश हिस्सों में स्कूल, कॉलेज सहित अन्य संस्थान बंद पड़े हैं। बता दें कि मणिपुर में जातीय हिंसा की शुरूआत तब हुई थी जब हाईकोर्ट ने मैतई समुदाय को आदिवासी समुदाय का दर्जा देकर उनके लिए आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया था। इसका कुकी समुदाय की ओर से विरोध किया गया था। बाद में यह विरोध इस कदर हिंसात्मक हो गया कि लोग एक-दूसरे की जान लेने पर आमादा हो गए। अब तक इस हिंसा में सैंकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और हजारों लोग विस्थापित हो चुके हैं। इसको लेकर विपक्षी दल भी केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। यही नहीं, गत वर्ष इस विरोध की आड़ में दो महिलाओं को नग्न कर उनसे परेड भी करवाई गई थी।

## न्यूज डायरी

### पिथौरागढ़ में भारी बारिश के बीच भूस्खलन से रोड बंद, राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा लंबा जाम



**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश के बीच कई जगहों पर भूस्खलन की खबरें भी सामने आई हैं। कई सड़कों पर मलबा आने से उनका संपर्क टूट गया है। पिथौरागढ़ में भी भारी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। यहां गंगोलीहाट घाट–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाली के पास भूस्खलन हो गया है। भूस्खलन की वजह से मलबा आने से रोड बंद हो गया। रोड पर सैकड़ों वाहन फंसने से लंबा जाम लग गया है। वहीं सड़क से मलबा हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। बुलडोजर से रोड को खोलने का तेजी से काम किया जा रहा है। बता दें कि पिथौरागढ़ में बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार तेज बारिश के कारण थल मुनस्यारी मोटर मार्ग भी पिछले चार दिनों से बंद है।

### वसुंधरा में बदमाशों ने छीनी चेन, महिला गिरकर घायल



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर एक में वनस्थली स्कूल के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने पैदल जा रही बुजुर्ग महिला के गले से चेन छीन ली। इस दौरान झटका लगने पर महिला गिरकर घायल हो गई। महिला के पति ने इंदिरापुरम थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। पीड़ित महिला के पति ध्यान सिंह ने बताया कि पत्नी सविता शुक्रवार शाम जरूरी काम से बाहर गई थीं। वापसी में शाम लगभग पौने सात बजे जब वह घर से महज 50 मीटर की दूरी पर पहुंचीं, तभी बाइक सवार दो बदमाश चेन छीनकर फरार हो गए। चेन झपटने के दौरान पत्नी सड़क पर गिर गईं। इससे उनके माथे, नाक, हाथ और पैर में चोट आई है। किसी प्रकार उन्होंने घर पहुंचकर घटना की सूचना दी। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है।

### मोहननगर के शहीद ध्रुवलाल यादव पार्क में किया पौधरोपण




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद, करंट क्राइम। शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आहवान पर मोहननगर चौराहा स्थित ध्रुवलाल यादव पार्क में पौधरोपण करते रमेश चंद यादव, हाजी मोहम्मद कल्लन महानगर उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद समाजवादी पार्टी, रितु खन्ना महानगर अध्यक्ष महिला सभा, सुरेश यादव एडवोकेट पूर्व डीजीसी, ताजीन मंसूरी, अख़्तर मलिक , शालू खान, गुलाब यादव, हरेंद्र कसाना एडवोकेट व ताहिर हुसैन आदि।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में प्रदर्शनी इनोवेटिव ब्रेनस का आयोजन किया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को प्रदर्शनी इनोवेटिव ब्रेनस का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन जे. के गौड़ ने किया। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा व हुनर को निखारकर उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करते हैं, जिससे जीवन की हर चुनौती पर विजय प्राप्त होती है। जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे शिक्षा समेत हर क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं और शहर का गौरव बढ़ा रहे हैं। जे. के. गौड़ ने कहा कि स्कूल का उददेश्य बच्चों को सिर्फ शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि उनका सर्वांगीण विकास करना है। ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं, इसी कारण इनका आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। स्कूल के डायरेक्टर डॉ करुण गौड़ ने कहा कि स्कूल का प्रयास है कि बच्चे जो कुछ भी सीखें, उसे अपने नए-नए आइडिया के साथ और अच्छा करें, जिसका फायदा पूरे समाज व देश को मिल सके। स्कूल की प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने कहा कि स्कूल पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करने वाली शिक्षा प्रदान करता है। स्कूल बच्चों को शिक्षा ही नहीं हर क्षेत्र में पूरी तरह से निपुण कर रहा है। प्रदर्शनी में कक्षा एक से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने पुस्तक मेला मेहंदी टैटू स्वस्थ जीवन के लिए सहयोगी पर्यावरण, नृत्य, ड्रामा, योगा व हास्य कवि सम्मलेन, नुक्कड़ नाटक, आर्ट गैलरी आदि में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर जोगेन्द्र सिंह प्रबंधक रोजबैल पब्लिक स्कूल, गुलशन भामरी प्रबंधक एस एस के पब्लिक स्कूल, उमेश शर्मा प्रबंधक नेशनल पब्लिक स्कूल, विजय गौड़ प्रबंधक जेकेजी नन्दग्राम, राकेश जैन प्रबंधक स्प्रिंग डेल स्कूल, सचिन वत्स प्रबंधक गुरुकुल द स्कूल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# आईएमएस ने इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम 'मूडल' किया लॉन्च






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस ने छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षिक अनुभव को क्रांतिकारी बनाने के लिए डिजाइन किया गया एक अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम मूडल एलएमएस लॉन्च किया जिसका नेतृत्व आईएमएस के निदेशक डॉ. प्रसून त्रिपाठी और समर्पित मूडल विकास टीम ने किया।

मूडल एक मॉड्यूलर ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड डायनामिक लर्निंग एनवायरनमेंट का संक्षिप्त रूप है जो अपने मजबूत फीचर्स और उपयोगकर्ता-मित्रवत इंटरफेस के माध्यम से शिक्षण और सीखने की प्रक्रियाओं को बढ़ाने का वादा करता है। आईएमएस के बिजनेस एनालिटिक्स और आईटी टीम द्वारा विकसित, जिसमें फैकल्टी और स्टाफ के सदस्य डॉ. अभिषेक भूषण सिंगल, प्रो. अहिंसा भारद्वाज, प्रो. अनिर्बान कंजीलाल, अनुग्रह सिंह, विजेंद्र सिंह और मुकेश गिरी, इस सिस्टम में अत्याधुनिक तकनीक को शैक्षिक सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं के साथ एकीकृत करके एक निर्बाध वर्चुअल वातावरण तैयार करेंगे। निदेशक, डॉ. प्रसून त्रिपाठी ने लॉन्च के बारे में कहा आईएमएस मूडल हमारी शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह प्लेटफॉर्म हमारे छात्रों और फैकल्टी को उन्नत टूल्स के साथ सशक्त करेगा, जिससे वे अपने शैक्षिक प्रयासों में सहयोग, सहभागिता और उत्कृष्टता प्राप्त कर सकेंगे।

# कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर ने शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर मोहननगर स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में संगोष्ठी आयोजित की। मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक श्रेष्ठ भारत चाहते थे। देश की एकता व अखंडता के लिए संघर्ष करने की जब-जब बात आयेगी, डॉ. मुखर्जी जरूर याद आयेंगे। चाहे बंगाल को देश का हिस्सा बनाये रखने के लिए उनका संघर्ष हो या एक निशान, एक प्रधान, एक विधान के संकल्प के साथ जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाये रखने के लिए सर्वोच्च बलिदान देना हो।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि देश की अखंडता के लिए उनके अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। जनसंघ की स्थापना से देश को वैचारिक विकल्प प्रदान करने वाले डॉ. मुखर्जी राष्ट्र प्रथम के पथ पर चिरकाल तक दिग्दर्शक रहेंगे। संगोष्ठी को पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, बाबूजी बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष महेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से हॉल खचाखच भरा हुआ था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की।

# नोएडा राउंड टेबल के सदस्यों ने किया एटूजेड फाउंडेशन का दौरा



**नोएडा,करंट क्राइम।** नोएडा राउंड टेबल के सदस्यों ने नोएडा में एटूजेड फाउंडेशन का दौरा किया। फाउंडेशन बेसहारा वृद्ध लोगों को आश्रय देने में अग्रणीय है। वर्तमान में उनके पास 26 वृद्ध लोग हैं जिनमें से ज्यादातर मानसिक रूप से स्थिर नहीं हैं।

नोएडा राउंड टेबल ने फाउंडेशन को आरओ और दीवार पंखे के साथ वाटर कूलर दान किया। भविष्य में हम क्या सहयोग दे सकते हैं, इस पर भी चर्चा की। वे ज्यादा जरूरतमंद लोगों की सेवा करने के लिए उत्सुकता से अपना खुद का भवन बनाने और विस्तार करने की सोच रहे हैं। अध्यक्ष रोहन के मार्गदर्शन और नेतृत्व में, माणिक मित्तल ने अपनी ओर से वाटरकूलर दान किए । कार्यक्रम में रोहन, माणिक, शुभांगिनी और आशीष मौजूद रहे। साथ ही राउंड टेबल नोएडा ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार के सामाजिक कार्यो को करने का प्रयास करते रहेंगे।



# राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार हुए केजरीवाल, सुनीता केजरीवाल ने किया दावा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बचाव में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का बयान सामने आया है। अपने वीडियो में सुनीता केजरीवाल ने मागुंटा श्रीनिवास रेड्डी (एमएसआर) के बयान की कहानी सुनाई है। सुनीता केजरीवाल ने बताया कि अरविंद केजरीवाल को मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी यानी एमएसआर की झूठी गवाही पर गिरफ्तार किया गया। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि रेड्डी एनडीए के सांसद हैं और आंध्र प्रदेश से आते हैं। मगुंटा रेड्डी ने ईडी के सामने झूठा बयान दिया। पहले उन्होंने खुद कहा था कि उनकी 16 मार्च, 2021 को अरविंद केजरीवाल से पहली और आखिरी बार दिल्ली सचिवालय में मुलाकात हुई थी। मगुंटा दिल्ली में एक चैरिटेबल फैमिली ट्रस्ट खोलना चाहते थे। जिसके लिए जमीन के सिलसिले में उन्होंने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। सुनीता केजरीवाल ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान अरविंद केजरीवाल ने एमएसआर (मगुंटा रेड्डी) से कहा था कि जमीन का मामला एलजी के पास है। आप एप्लीकेशन दे दीजिए फिर भी हम देखते हैं कि क्या किया जा सकता है। इतना कहकर अरविंद केजरीवाल चले गए थे। सुनीता केजरीवाल के मुताबिक एमएसआर ने ईडी को जब अपना यह बयान बताया तो ईडी को उनका यह जवाब बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसके बाद उनके बेटे को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। एमएसआर अपना पहले वाला बयान ही दोहराते रहे क्योंकि वह सच था और उनके बेटे राघव रेड्डी की बेल कैंसिल होती गई। सुनीता केजरीवाल ने कहा है कि इस दौरान राघव की पत्नी ने आत्महत्या करने की भी कोशिश की और उनकी बूढ़ी मां बीमार हो गई। इन सबको देखते हुए राघव का पिता टूट गए। 17 जुलाई 2023 को पिता एमएसआर ने ईडी में अपना बयान बदल दिया। इस बार अपने बयान में एमएसआर ने कहा, मैं दिल्ली में जब अरविंद केजरीवाल से मिला था तो उनके कमरे में 10-12 लोग बैठे हुए थे। मैं कमरे के अंदर घुसा तो उन्होंने मुझसे कहा कि आप दिल्ली में शराब का व्यापार शुरू करो और बदले में आम आदमी पार्टी को 100 करोड़ रुपए दे दो। एमएसआर के मुताबिक उनकी यह पहली और आखिरी मुलाकात थी अरविंद केजरीवाल के साथ। उनके इस बयान के बाद ईडी ने अगले ही दिन राघव रेड्डी की बेल करवा दी। इस पर सुनीता केजरीवाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या कोई पहली बार में ही एक अनजान व्यक्ति से सबके सामने पैसे मांग लेगा? मंगुटा रेड्डी के बेटे और परिवार को 5 महीने तक प्रताड़ित किया गया और इसके बाद एमएसआर ने ईडी को झूठा बयान दिया। कोर्ट ने भी केजरीवाल को जमानत देते हुए कहा कि मंगुटा रेड्डी को बेल का लॉलीपॉप दिया गया। सुनीता केजरीवाल के मुताबिक अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बनाया गया है। वह एक पढ़े-लिखे और कट्टर ईमानदार व्यक्ति हैं और आज हमें उनके साथ खड़े होने की आवश्यकता है।

## मदमहेश्वर में अस्थाई पुल नदी में समाया, आवाजाही बंद

**रुद्रप्रयाग/मदमहेश्वर।** उत्तराखंड में मानसून ने आते ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक हर तरफ तबाही है। प्रदेश में सभी नदियां, नाले, बरसाती नाले इस समय लगातार हो रही भारी बारिश से उफान पर हैं। नदियों का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंचता जा रहा है। रुद्रप्रयाग में भी मंदाकिनी नदी का जलस्तर लगातार हो रही भारी बारिश से बढ़ रहा है। द्वितीय केदार मदमहेश्वर में भारी बारिश के चलते अब यात्रा प्रभावित हो रही है। भारी बारिश के कारण मदमहेश्वर जाने वाले पुल पर पानी आ गया है। इसके चलते यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यात्रा भी प्रभावित हो रही है। मदमहेश्वर धाम के मुख्य पड़ाव गोंडार गांव से आगे बनतोली पुल में मधुगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। जिसके कारण यहां बना अस्थाई पुल इसकी चपेट में आ गया। दरअसल, यहां बना मुख्य पुल पिछले साल आपदा में बह गया था।

# नगर आयुक्त ने की ग्रीन म्युनिसिपल बोंड प्रोजेक्ट की समीक्षा





### समय से कार्य पूर्ण करने की टीम को दिए निर्देश रोड रेस्टोरेशन पर नजर बनाए रखें अधिकारी

**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** हिंडन पार की औद्योगिक जल आपूर्ति के लिए नगर निगम का जलकल विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समय-समय पर चल रहे कार्यों को देखा जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बोंड प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा की गई, साथ ही गुणवत्ता पूर्वक कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। मौके पर महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, वाबेग कंपनी की टीम, तथा बोंड कमेटी के सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद ने बताया कि नगर आयुक्त के नेतृत्व में ग्रीन म्युनिसिपल बोंड का कार्य रफ्तार से चल रहा है समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण भी किया जा रहा है। लगभग 85 फीसदी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूर्ण हो गया है, पाइपलाइन का कार्य भी लगभग पूर्ण है। आगामी 22 सितंबर को सभी कार्य पूर्ण हो जाएंगे डेडलाइन दी गई है। नगर आयुक्त द्वारा रोड रेस्टोरेशन के कार्य के बारे में विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए निर्देश दिए हैं जिसके क्रम में 8 किलोमीटर रोड रेस्टोरेशन का कार्य तेजी से कराया जाएगा। साहिबाबाद की औद्योगिक इकाइयों को जल आपूर्ति के लिए गाजियाबाद नगर निगम के ग्रीन म्युनिसिपल बोंड को लेकर चल रहा कार्य अंतिम चरण में है। नगर आयुक्त द्वारा वबैग कंपनी की टीम को गुणवत्ता पूर्वक तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गये हैं तथा कमेटी के सदस्यों को भी मॉनिटरिंग प्रबल करने के लिए कहा गया है। बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, लेखाधिकारी गीता कुमारी तथा वाबेग की टीम से प्रोजेक्ट हेड अग्नि मोहन उपस्थित रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली।। रविवार 07 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









# मुख्य सचिव और डीजीपी ने ली कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक
# डीजे पर नहीं रहेगा बैन, 12 फीट से ऊंची कांवड़ पर रोक

## कांवड़ रूट को बनाया जाएगा नो एक्सीडेंट जोन, ड्रोन से होगी निगरानी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से शुरू हो रही है। करीब 4.5 करोड़ कांवड़िए हरिद्वार और गोमुख से जल लेकर आएंगे। कांवड़ रूट को नो एक्सीडेंट जोन बनाया जा रहा है।

कांवड़ यात्रा को लेकर शनिवार को मेरठ में मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी यूपी प्रशांत कुमार ने उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी के अफसरों के साथ बैठक करते हुए मंथन किया है। यूपी-उत्तराखंड में 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम होंगे, ताकि कांवड़ियों को सभी सुविधाएं दी जा सकें।


पुलिस डीजे पर बजने वाले सॉन्ग और वॉल्यूम भी तय करेगी। इसके अलावा पूरी कांवड़ यात्रा की ड्रोन से निगरानी होगी।

### तिरंगा लेकर चलने वालों का होगा खास सम्मान

**करंट क्राइम :** पश्चिमी यूपी में कांवड़ का ज्यादा जोर रहता है। यहीं वजह है कि शाहजहांपुर से वाया बरेली-दिल्ली हाईवे को वन-वे कर दिया जाता है। मेरठ, बरेली और बागपत के शिव मंदिरों में भक्त हरिद्वार और कछला घाट से जल लेकर पहुंचते हैं। पूरब में गंगाजल लेकर लोग काशी विश्वनाथ पहुंचते हैं। दूसरे सोमवार से कांवड़ का जोर बढ़ जाता है, जो चौथे सोमवार तक चलता रहता है। इस बार सावन 5 सोमवार पड़ रहे हैं। डीजीपी यूपी प्रशांत कुमार ने कहा- तिरंगा लेकर चलने वाले कांवड़ियों को खास सम्मान दिया जाएगा।



### 22 जुलाई से हाइवे होंगे बंद दिल्ली-हरिद्वार मार्ग



**करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। दिल्ली एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-देहरादून हाईवे और चौ. चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर 21 जुलाई की रात 12 बजे से भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद हो जाएगा। गाजियाबाद से भारी वाहन इन रास्तों पर प्रवेश नहीं कर पाएंगे। यह व्यवस्था 5 अगस्त रात तक लागू रहेगी। इन रास्तों पर 25 जुलाई से वन-वे व्यवस्था सख्ती से लागू की जाएगी। 27 जुलाई से हल्के वाहनों का आवागमन भी बंद कर दिया जाएगा।

### 12 जिले वॉट्सऐप ग्रुप में जुड़े

**करंट क्राइम :** एडीजी मेरठ जोन ध्रुवकांत ठाकुर ने बताया- कांवड़ रूट के सभी 12 जिलों का एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा। इसमें हरिद्वार से हर घंटे निकलने वाले शिवभक्तों की जानकारी साझा की जाएगी। कांवड़ यात्रा के रास्तों की पर उउळश कैमरा और ड्रोन से निगरानी होगी।

### हर पांच किलोमीटर पर होगा हेल्थ कैंप

**करंट क्राइम :** पूरी कांवड़ यात्रा को 5 जोन में बांटा जाएगा। जगह-जगह पुलिस नाका रहेंगे। एक नाके पर 20 पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। हर 5 किमी पर हेल्थ कैंप होगा। सड़क से हटकर शिविर लगेंगे। खोया-पाया शिविर भी रहेगा।



दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान हर राज्य के बॉर्डर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, कइ, इंटेलिजेंस, जांच की टीम भी एक्टिव रहेगी।

### 12 फीट से ऊंची कांवड़ रहेगी बैन

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया है कि इस बार यात्रा में 12 फीट से ऊंची कांवड़ ले जाने पर बैन रहेगा। यही नहीं, कांवड़िए अपने साथ भाले, त्रिशूल या किसी प्रकार का हथियार लेकर नहीं चल सकेंगे।



बॉर्डर पर ही कांवड़ियों की चेकिंग होगी। उनके कार्ड भी चेक किया जाएगा। इसके बाद कांवड़ रूट पर प्रवेश मिलेगा। कांवड़ियों के वॉट्सऐप ग्रुप पर निगरानी रहेगी।

### 22 जुलाई से लेकर 5 अगस्त तक रहेंगी ड्यूटी

- 22 जुलाई रात से 5 अगस्त तक दिल्ली एक्सप्रेस-वे, एनएच-58 से मुजफ्फरनगर, गंगा बैराज की ओर से जाने वाले भारी वाहन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।
- 25 जुलाई रात से इन मार्ग पर वन-वे व्यवस्था लागू होगी।
- 27 जुलाई से एनएच-58, दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर हल्के वाहन भी बंद होंगे। जो हरिद्वार-मुजफ्फरनगर से आने वाले होंगे।
- 29 जुलाई की रात से 4 अगस्त तक दिल्ली एक्सप्रेस-वे, एनएच-58, कांवड़ पटरी मार्ग, दिल्ली रोड पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा

### डीजे के साउंड और गानों को बारीकी से जांचा जाएगा : डीपीजी



**करंट क्राइम :** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा-डीजे के साउंड और गानों को बारीकी से जांचा जाएगा। इस बार यात्रा में डीजे पर रोक नहीं है। ड्यूटी पर तैनात हर अफसर ध्यान रखे कि डीजे का साउंड मानकों से ज्यादा न हो। तेज आवाज में डीजे न बजाया जाए। डीजे पर जो गीत बजे उनकी भाषा, संगीत अशोभनीय नहीं होना चाहिए।

### प्रशासन को कांवड़ यात्रा में करनी होंगी ये व्यवस्थाएं



- महिला कांवड़ियों के लिए शौचालय, स्नान की अलग सुविधा दी जाएगी।
- उनकी रक्षा की समुचित व्यवस्था की जाएगी। घाटों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग को बढ़ाया जाएगा।
- कांवड़ मार्ग पर शराब, मांस की दुकानों को बंद किया जाएगा।
- कांवड मार्ग पर भारी वाहनों पर प्रतिबंध रहेगा।
- कांवड़ शिविर बाईं और सड़क से 20 फीट अंदर लगाए जाएं। ताकि कोई दुर्घटना न हो।
- कांवड़ रूट के सभी बिजली पोल पालिथीन से और ट्रांसफॉर्मर को जाली से कवर किया जा रहा है।
- यात्रा के दौरान अगर किसी जिले में कोई बड़ा आयोजन या परीक्षा हो तो इसकी सूचना शासन को दी जाएगी।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद चुनाव में अध्यक्ष और सचिव पद पर चार-चार चेहरे आमने-सामने




### 8 जुलाई से शुरू होगी मतदाता सूची प्रकाशन के साथ चुनाव की प्रक्रिया

### 19 जुलाई को सुबह 8:00 बजे से होगा बार एसोसिएशन गाजियाबाद का चुनाव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 19 जुलाई को बार एसोसिएशन गाजियाबाद का मतदान होना तय हुआ है। मतदान को लेकर अलग-अलग पदों के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार और पोस्ट कैंपेनिंग शुरू कर दी है। अब गाजियाबाद कचहरी का माहौल बार चुनाव के रंग में रंगता हुआ नजर आने लगा है। वकीलों के चैबरों में अधिवक्ताओं की भीड़ व चुनाव प्रचार का कार्यक्रम शुरु हो चुका है। अधिवक्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार बार एसोसिएशन गाजियाबाद अध्यक्ष पद के लिए इस बार चार नाम प्रमुखता से सामने आए हैं। तो वही सचिव पद के लिए भी चार ही नाम चल रहे हैं। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र कौशिक राजू और दीपक शर्मा भी दोबारा से ताल ठोक रहे हैं। तो वहीं सचिव पद में हरेंद्र कुमार गौतम व अमित नेहरा का नाम भी सामने आया है। कुल मिलाकर अभी तक अध्यक्ष पद के लिए चार और सचिव पद के लिए भी चार नाम बार एसोसिएशन गाजियाबाद चुनाव के लिए सामने आए हैं।

### अध्यक्ष पद पर दीपक शर्मा, योगेंद्र कौशिश, सूरजपाल सिसौदिया और बीसी बंसल का है नाम तो सचिव के लिए हरेंद्र, वरुण, सुनील और अमित



बीसी बंसल | दीपक शर्मा | सूरजपाल | योगेंद्र कौशिक



अमित कुमार | सुनील त्यागी | हरेंद्र | वरुण त्यागी

**करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन का चुनाव बेहद प्रमुख व बड़ा माना जा है। 19 जुलाई को बार एसोसिएशन का चुनाव होना है। डेट फाइनल हो गई है। इन सबके बीच बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में जो नाम सामने आ रहे हैं ,उनमें प्रमुख रूप से योगेंद्र कौशिक राजू, दीपक शर्मा, बीसी बंसल, सूरजपाल सिसोदिया का नाम सूत्रों द्वारा अधिवक्ताओं के बीच प्रमुखता से बताया जा रहा है। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव पद के लिए हरेंद्र कुमार, वरुण त्यागी ,सुनील त्यागी और अमित नेहरा का नाम प्रमुखता से चल रहा है। जो वर्ष 2024-25 में सचिव पद के लिए अपनी ताल ठोंकने वाले हैं। इसी के साथ लगभग एक दर्जन के आसपास अन्य पदों के लिए भी नाम की चर्चा और तैयारी का दौर शुरू हो चुका है।


### मतदान वाले दिन रहेगी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था : एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव

**करंट क्राइम :** बार एसोसिएशन गाजियाबाद का मतदान 19 जुलाई को होगा, उस दिन के लिए पुलिस प्रशासन अपनी सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का बंदोबस्त रखेगा। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद की ओर से तिथि तय कर ली गई है। सोमवार से ही मतदान होने तक पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल, खुफिया दल, पुलिसकर्मी और महिला सुरक्षा कर्मियों के साथ ही पीएसी को भी तैनात किया जाएगा।



### इन पदों के लिए होगा मतदान

**करंट क्राइम :** अध्यक्ष, सचिव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सह सचिव प्रशासन, सह सचिव पुस्तकालय, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यगण और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यगण के लिए बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वर्ष 2024-25 कार्यकारिणी के लिए मतदान होना है।




# सांसद अतुल गर्ग ने किसके सम्मान को बंद करने के लिए मंच से किया ऐलान

## कहा जो लोग भाजपा के चुनाव प्रचार में नहीं आये, बंद किया जाये ऐसे लोगों का सम्मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग शब्दों की गुगली डालते हैं और अपने शब्दों से वो सबकुछ कहते हैं। उनकी शब्द शैली ऐसी है कि नाम किसी का नहीं लेंगे और घमासान पूरा मचवा देंगे। अतुल गर्ग जब लाइन पार क्षेत्र में अभिनंदन समारोह में मंच पर आये तो माइक संभालते ही उन्होंने अपने शब्दों के पंच से पूरा माहौल गुंजा दिया। उनकी बात वहीं तक पहुंची जहां तक पहुंचाना चाहते थे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने किसी का नाम नहीं लिया और कहा कि जिन लोगों ने चुनाव में पार्टी का प्रचार नहीं किया। जिन लोगों ने भाजपा को जिताने के लिए काम नहीं किया और जो लोग प्रचार के लिए नहीं आये। ऐसे लोगों का सम्मान करना बंद होना चाहिए। दैनिक करंट क्राइम ने जब सांसद अतुल गर्ग बात की और ये पूछा कि वह किसके सम्मान की परिपाटी को बंद करने की बात कह रहे हैं तो अतुल गर्ग ने यहां किसी का नाम नहीं लिया और कहा कि जो लोग बड़े पदों पर हैं और अगर उन्होंने नरेन्द्र मोदी सरकार को जिताने के लिए काम नहीं किया और चुनाव प्रचार में नहीं गये, ऐसे लोगों का सम्मान बंद करने की बात कही है।

### मुझ जैसे साधारण को दिया टिकट और आपने जीत दिलाई असाधारण

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विजय नगर में अभिनंदन समारोह में माईक पर पूरी तरह अपने अंदाज में थे। उन्होंने यहां कहा कि सभी लोगों की ये मांग थी कि कैसा भी उम्मीदवार हो लेकिन वो लोकल होना चाहिए। साधारण होना चाहिए लेकिन हमारे बीच से होना चाहिए। आपकी लोकल वाली मांग को हाईकमान ने सुना और मुझ जैसे साधारण सामान्य व्यक्ति को लोकसभा का टिकट दिया। मुझे उम्मीदवार बनाया और सबसे बड़ी बात ये है कि आप सभी कार्यकर्ताओं ने मुझ जैसे साधारण व्यक्ति को एक असाधारण जीत दिलाई। ये जीत भाजपा की है। ये जीत एक लोकल उम्मीदवार की है।


# वैशाली के चार पार्कों को संवारेगा निगम

### 46 लाख से हो रहे हैं काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कार्यकारिणी में लिए गए निर्णय के क्रम में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के चार पार्क का हैंडओवर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा लिया गया। यह चार पार्क वैशाली के हैं, जिसमें पोडियम, चित्रगुप्त, डॉ० भीमराव अंबेडकर और कृष्णा पार्क शामिल हैं। चारों पार्कों में लगभग 46 लाख की लागत से पार्क को सुव्यवस्थित करने का कार्य चल रहा है। पार्कों की दीवारों की मरम्मत, पार्कों की फुटपाथ की मरम्मत का कार्य भी कराया जा रहा है। इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा पार्कों को सुंदर व सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्रवाई तेज की गई है। एनजीटी की टीम द्वारा भी मौके पर चारों पार्कों का जायजा लिया गया और पौधे लगाकर शहर को पौधारोपण का संदेश दिया गया। डॉ अनुज उद्यान प्रभारी द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में कार्यकारिणी में लिए गए निर्णय के अनुसार गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के चार पार्कों में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कार्य कराया जा रहा है। रखरखाव गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ही किया जायेगा। कार्रवाई पूर्ण करते हुए माह मार्च मे हैंड ओवर की प्रक्रिया पूर्ण हुई। वैशाली के क्षेत्रीय निवासियों का भी सहयोग प्राप्त हुआ है। पार्कों को सुव्यवस्थित बनाया जाएगा अधिक से अधिक ग्रीनरी का कार्य जारी है, आगामी माह में पार्कों को काफी हद तक सुंदर और सुव्यवस्थित किया जाएगा। जिससे वैशाली के क्षेत्र वासियों को लाभ प्राप्त होगा। एनजीटी द्वारा अधिकृत किए गए कमिश्नर जिसमें राहुल खुराना एडवोकेट और टीम द्वारा पार्कों का निरीक्षण किया गया। मौके पर कार्य चलता हुआ मिला। जिसमें बाउंड्री वॉल का कार्य वर्तमान में चल रहा है। अपीलकर्ता डॉ. सुनील वैध, यूपी पॉल्यूशन बोर्ड के अधिकारी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के निर्माण विभाग के अधिकारी, उद्यान विभाग के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे। टेंडर प्रक्रिया से संबंधित सभी दस्तावेज उपस्थित एनजीटी की टीम को सौंपे गए।

**चित्रगुप्त, डॉ० भीमराव अंबेडकर, कृष्णा व पोडियम पार्क होगा कायाकल्प, क्षेत्रवासियों को मिलेगा लाभ- नगरायुक्त**





### मोदीनगर के पूर्व विधायक सुदेश शर्मा को पितृ शोक

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पूर्व विधायक सुदेश शर्मा के पिताश्री सोमपाल शर्मा का शनिवार को निधन हो गया। सोमपाल शर्मा की अंतिम यात्रा उनके तेल मिल कार्यालय निवास मोदीनगर 7 जुलाई रविवार को सुबह 9 बजे मुक्तिधाम हापुड़ रोड, मोदीनगर शमशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी। करंट क्राइम परिवार इस दुःख की घड़ी में सुदेश शर्मा के साथ बरागर का शरीक है।

## संपादकीय

# कौशल की कमी दूर करना जरूरी

भारत के रोजगार क्षेत्र का एक बड़ा विरोधाभास यह है कि जहां एक ओर बेरोजगारी बड़ी चुनौती बनी हुई है, वहीं देश के संभावित बड़े नियोक्ताओं की शिकायत है कि उन्हें काम करने के लिए श्रमिक नहीं मिल रहे हैं। गत सप्ताह लार्सन ऐंड टुब्रो के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी को कुल मिलाकर 45,000 श्रमिकों और इंजीनियरों की जरूरत है। इस मामले में एलऐंडटी कोई अपवाद नहीं है।

पूरे भारत की बात करें तो पूर्व में स्टील निमार्ताओं से लेकर टेक्सटाइल हब तिरुपुर तक कंपनियों को मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, फिटर, वाहन चालक, टेक्नीशियन, कारपेंटर और प्लंबर जैसे साधारण कामों के लिए कुशल श्रमिक तलाशने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

यह कमी केवल ऑर्डर बुक के विस्तार, चुनावों या गर्मियों की वजह से नहीं है जिन्होंने श्रमिकों को वापस उनके गांव भेज दिया। यह देश के श्रम बाजार की एक पुरानी कमजोरी का परिणाम है जिसकी वजह से वेतन और लागत में ऐसे समय में इजाफा हो रहा है जब निजी क्षेत्र का निवेश अभी भी अपेक्षाकृत कमजोर है। यह कमी उस समय और बढ़ जाती है जब हम मूल्य श्रृंखला में ऊपर जाते हैं। उस स्थिति में कंपनियों को अंतर को पाटने के लिए विदेशों खासकर चीन से तकनीशियनों और इंजीनियरों को बुलाना पड़ता है।

इस कमी की प्रमुख वजह शिक्षा और प्रशिक्षण की खराब गुणवत्ता है। इससे कंपनियों को इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों के प्रशिक्षण की अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ती है। ताजा इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के अनुसार करीब 64 फीसदी इंजीनियरिंग ग्रैजुएट रोजगार पाने योग्य हैं और इनमें से 40 फीसदी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों यानी आईटीआई से आते हैं। कुल मिलाकर करीब आधे युवाओं के पास ही रोजगार पाने लायक कौशल है।

दिलचस्प है कि यह हतोत्साहित करने वाली तस्वीर भी 2014 की तुलना में बेहतर है। उस समय केवल 33.9 फीसदी युवा ही रोजगार पाने लायक थे। यह सुधार सरकार के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा अप्रेंटिस एवं अन्य योजनाओं की बदौलत आया। इस प्रगति के बावजूद रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि बाजार को कुशल श्रमिक उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। यह बताती है कि केवल दो फीसदी श्रमिकों के पास औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है और नौ फीसदी के पास अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है। इसके अलावा सरकार के कौशल कार्यक्रमों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षकों या प्रमाणन की कमी है। इसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित 20 फीसदी से भी कम लोगों को कंपनियों में रोजगार मिल पाया। समस्या की मूल वजह यह है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप नहीं हैं। इससे एक बार फिर यह बात रेखांकित होती है कि उद्योग जगत के साथ करीबी भागीदारी करने की आवश्यकता है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम इस समस्या का सटीक उदाहरण हैं।

भारत हर वर्ष जो 15 लाख इंजीनियर तैयार करता है उनमें से 5 फीसदी से भी कम भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों या भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थानों से होते हैं। अधिकांश स्नातक ऐसे निजी और सरकारी संस्थानों से आते हैं जिन्हें अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की मान्यता तो होती है लेकिन उनकी गुणवत्ता में काफी अंतर होता है।

सरकार द्वारा 2008 में स्थापित राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एक गैर लाभकारी संस्था है जिसे उद्योग जगत के साथ काम करने के लिए बनाया गया था लेकिन वह भी इस समस्या को हल नहीं कर सका। इसका असर देश के श्रमिकों पर पड़ रहा है। बड़े नियोक्ता इससे बचने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे श्रमिक और प्रभावित हो रहे हैं। यही वजह है कि देश के श्रमिकों को उचित कौशल प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# 15 हजार से अधिक कंपनियों ने भारत में ऑपरेशन शुरू करने के लिए कराया पंजीकरण

● अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा हाईवे, पोर्ट और रेलवे प्रोजेक्ट में बड़ी मात्रा में निवेश के कारण बड़ी मशीनों की मांग देखने को मिल रही है



**नई दिल्ली।** जून महीने में 15,000 से अधिक कंपनियों ने भारत में अपनी यूनिट सेटअप करने के लिए पंजीकरण कराया है। इसमें कई विदेशी कंपनियां भी शामिल हैं, जो कि बड़ी संख्या में इंफ्रास्ट्रक्टर में उपयोग होने वाली मशीनें बनाती हैं। कॉरपोरेट मामले के मंत्रालय की ओर से संकलित किए गए डेटा से यह जानकारी मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा हाईवे, पोर्ट और रेलवे प्रोजेक्ट में बड़ी मात्रा में निवेश के कारण बड़ी मशीनों की मांग देखने को मिल रही है। साथ ही बताया कि यह भारत के मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता को भी दिखाता है, जिसके कारण विदेशी कंपनियां भारत में अपने ऑपरेशन शुरू करना चाहती हैं। यूके की कंपनी ऑगर टॉर्क यूरोप लिमिटेड, उन विदेशी कंपनियों में से एक है, जिन्होंने भारत में ऑपरेशन शुरू करने के लिए पंजीकरण कराया है, जो अर्थ ड्रिल और अटैचमेंट बनाती है और जर्मनी के किंशोफर ग्रुप का हिस्सा है जो ट्रक क्रेन और एक्सीवेटर के लिए अटैचमेंट बनाती है। जापान की टोमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड भी इस लिस्ट में शामिल है, जो कि मशीनरी और केमिकल मैन्युफैक्चरिंग करती है। एक अन्य जापानी कंपनी कावाड़ा इंडस्ट्रीज जो कि केटीआई कावाड़ा समूह का हिस्सा है, वह भी इस लिस्ट में शामिल है। यह कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और रखरखाव का काम करती है। रूस की हैवी मशीनरी बनाने वाली कंपनी और यूएई के एनर्जी ग्रुप ने भी भारत में ऑपरेशन शुरू करने के लिए पंजीकरण कराया है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये कंपनियां भारत में नई टेक्नोलॉजी लेकर आएगी। इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम कर रही भारतीय कंपनियों की पूरक बनेगी। भारत सरकार की ओर से बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निवेश के कारण स्टील और सीमेंट की मांग ऊपर जा रही है, जिससे निजी निवेश बढ़ रहा है और रोजगार के अधिक अवसर लोगों को मिल रहे हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 37.4 प्रतिशत बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया था, जो कि 2022-23 में 7.28 लाख करोड़ रुपये था। फरवरी 2024 के अंतरिम बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया था। इससे देश के विकास को सहारा मिलेगा और वृद्धि दर में भी इजाफा होगा।

# लग्जरी घरों की बिक्री 2024 की पहली छमाही में बढ़कर कुल सेल्स का 41 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** भारत के लग्जरी रियल एस्टेट मार्केट में तेजी देखने को मिल रही है। इसकी वजह अर्थव्यवस्था में तेज विकास दर होना है, जिसके कारण देश में लग्जरी घरों की मांग में इजाफा हो रहा है। प्रॉपर्टी कंसलटेंट फर्म नाइट फ्रैंक की ओर से जारी 'इंडिया रियल एस्टेटः रेजीडेंशियल और ऑफिस (जनवरी-जून 2024)' रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल देश में लग्जरी घरों की बिक्री में बड़ा इजाफा देखने को मिल रहा है। 2024 की छमाही में एक करोड़ रुपये से ऊपर के घरों की बिक्री कुल बिक्री का 41 प्रतिशत रही है। यह आंकड़ा 2023 की समान अवधि में 30 प्रतिशत था। 2024 की पहली छमाही में देश के आठ बड़े शहरों जिसमें मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरू, पुणे और हैदराबाद शामिल हैं, वहां घरों की बिक्री में पिछले वर्ष के मुकाबले 11 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। इस अवधि में कुल 1,73,241 घरों की बिक्री हुई है, जो कि 11 वर्षों का उच्चतम स्तर है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 के पहले छह महीने में कुल घरों की बिक्री का 27 प्रतिशत बजट घर थे, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 32 प्रतिशत था। मुंबई देश का सबसे बड़ा रेजिडेंशियल मार्केट है। यहां 47,259 घरों की बिक्री हुई है। पिछले साल की अपेक्षा देश की आर्थिक राजधानी में एक करोड़ रुपये से अधिक के घरों की मांग में 117 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस दौरान बिक्री में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली थी। वहीं, दिल्ली एनसीआर में 28,998 यूनिट्स और बेंगलुरु में 27,404 यूनिट्स की बिक्री हुई है। कुल घरों की बिक्री में इन तीन शहरों की हिस्सेदारी 59 प्रतिशत है।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को पेश करेंगी आम बजट

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आम बजट 23 जुलाई को पेश करेंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यह जानकारी दी। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय मंत्री की ओर से एक्स पर की गई एक पोस्ट में लिखा गया कि भारत सरकार के सुझाव पर आदरणीय राष्ट्रपति जी ने संसद के दोनों सदनों में 22 जुलाई से लेकर 12 अगस्त तक बजट सत्र रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय बजट 23 जुलाई, 2024 को लोकसभा में पेश किया जाएगा। बता दें, भारत में जिस वर्ष लोकसभा चुनाव होते हैं। उस दौरान एक बजट चुनाव से पहले और एक बजट चुनाव के बाद पेश किया जाता है। चुनाव के पहले पेश होने वाले बजट को अंतरिम बजट कहा जाता है। ये आमतौर पर सरकार की आय और व्यय का लेखा जोखा होता है। चुनाव के बाद नई सरकार पूर्ण बजट पेश करती है। यह अन्य वर्षों के बजट की तरह होता है। 23 जुलाई को आने वाला आम बजट मोदी 3.0 का पहला बजट होगा। इसके जरिए सरकार की दिशा और नीतियों की जानकारी मिलेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2.1 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड दिए जाने और कम राजस्व घाटे के चलते सरकार के पास कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने के लिए काफी जगह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पहले ही ऐलान किया जा चुका है कि गरीबी के खिलाफ लड़ने के लिए अगले पांच वर्ष काफी अहम होने वाले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस बजट में सरकार फोकस देश के विकास की गति को बढ़ाने और अधिक रोजगार पैदा करने को लेकर होगा। मौजूदा समय में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।



## राशिफल

**मेष :** मानसिक और नैतिक शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा भी लें, तभी सर्वांगीण विकास संभव है। याद रखें कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास होता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपके सामने आने वाली चुनौतियों को शांत मन से सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन :** चतुर आर्थिक योजनाओं में फंसने से बचें, निवेश में बेहद सावधानी बरतें। दूर रहने वाला कोई रिश्तेदार आज आपसे संपर्क कर सकता है।

**कर्क :** आज का दिन उत्तम रहेगा। पुराने रुके हुए काम पूरे होंगे, साथ ही नया काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**सिंह :** तंग आर्थिक स्थिति के कारण कोई महत्वपूर्ण कार्य बीच में अटक सकता है। गोपनीय जानकारी अपने जीवन साथी के साथ साझा करने से पहले अच्छी तरह सोच लें।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आज कोई करीबी आपके जीवन साथी के प्रति आपके विचारों को विचलित कर सकता है।

**तुला :** रोमांचक गतिविधियों में शामिल हों और आपको आराम दें। आप अपने आप को रोमांचक नई परिस्थितियों में पाएंगे जो आपको वित्तीय लाभ दिलाएगा।

**वृश्चिक :** आज आपको करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। हालांकि आज अधिक काम के कारण थोड़ी थकान रहेगी।

**धनु :** ज्यादातर चीजें आपके मन मुताबिक होंगी। खर्चों में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही आय में वृद्धि से संतुलन बनेगा। लोगों के प्रति दयालु रहें।

**मकर :** आज भाग्य आपका साथ देगा। सफलता अवश्य मिलेगी। अगर आप इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की सोच रहे हैं तो आज का दिन शुभ है।

**कुंभ :** मनोरंजन और सुंदरता में वृद्धि के लिए आवश्यक समय से अधिक खर्च न करें। अपने सामाजिक जीवन की उपेक्षा न करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। छात्रों के लिए भी आज का दिन अच्छा है। प्रोजेक्ट बनाने की समस्या आज किसी मित्र की मदद से सुलझ जाएगी।

## चुटकुले

एक बुजुर्ग ऑपरेशन टेवल पर लेटे थे
बडा ओपरेशन होने वाला था और ऑपरेशन उनका
दामाद करने वाला था
जब डॉक्टर दामाद आया तो उन्होंने बडे प्यार से कहा
बेटे में जानता हूँ कि तुम मुझे कुछ नहीं होने दोगे
अगर कुछ अनहोनी हो गयी तो तुम्हारी सास तुम्हारे
साथ ही रहेगी
फिर
ऑपरेशन सफल रहा।

---

पप्पू- तुम ऑपरेशन कराये बिना ही अस्पताल से क्यों भाग आये??
चिंटू- नर्स बार-बार कह रही थी कि डरो मत, हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा, ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
पप्पू- तो इस में डरने वाली कौन सी बात है, सही ती कह रही थी नर्स
चिंटू- अबे, वो मुझ से नहीं डाक्टर से कह रही थी

## रोचक तथ्यों का करंट

- संसद के एक अधिनियम द्वारा ब्रिटिश संग्रहालय स्थापित किया गया।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के नवाब मीर कसीम के पद छोड़ने की घोषणा की।
- थॉमस मान के उपन्यास में जोहान बडेब्रुक की फर्म स्थापित हुई।
- लार्गा की लड़ाई में ओटोमन साम्राज्य और रूसी साम्राज्य हुआ। यह लड़ाई लारगा नदी के तट पर हुई थी। इस लड़ाई के परिणामस्वरूप रूसी सेना की निर्णायक जीत हुई।
- अमेरिकी रिवोल्यूशनरी वॉर-ब्रिटिश सेनाओं ने टिकरनडोगा से वापसी करने वालेअमेरिकन सैनिकों को पकड़ लिया और 200 से अधिक लोगों को पकड़ लिया।
- क्वासी-युद्ध, एक अघोषित युद्ध जो पूरी तरह से समुद्र में लड़ा गया था, उसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका ने फ्रांस के साथ अपनी संधियों को रद्द कर दिया था।
- न्यू यॉर्क सिटी में, उन्मूलनवादियों के खिलाफ दंगों की चार रातें, अफवाहों द्वारा भड़काती हैं कि वे दुराचार को प्रोत्साहित कर रहे थे।

# भारत में बिजली उत्पादन मई में 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में बिजली उत्पादन इस साल मई में 15.06 प्रतिशत बढ़कर 167.55 अरब यूनिट्स हो गया, जो कि पिछले साल समान अवधि में 145.61 अरब यूनिट्स पर था। सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी ऑथोरिटी की ओर से मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। थर्मल पावर, जो कि कोयला और गैस आधारित प्लांट्स में बनाई जाती है। मई में इन प्लांट्स में 127.87 अरब यूनिट्स की बिजली पैदा की गई। इसमें पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 14.67 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उत्तर भारत में हीट वेब के कारण बिजली की मांग 30 मई को 250 गीगावाट के आंकड़े को छू गई थी। मई और जून के ज्यादातर दिनों में बिजली की उच्च मांग देखने को मिली। 2024-25 में बिजली की मांग 260 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। मानसून के कारण देश में भारी बारिश होने की वजह से बिजली की मांग में नरमी देखने को मिली है। फिलहाल यह 200 गीगावाट के आसपास है। मानसून में बांधों में पानी भर जाने के कारण हाइड्रोपावर से बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है। मई में हाइड्रोपावर से 11.62 अरब यूनिट्स बिजली पैदा हुई थी। इसमें सालाना आधार पर 9.92 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला था। रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स (हाइड्रोपावर छोड़कर) की ओर से मई में 22.50 अरब यूनिट्स बिजली पैदा की गई है। इसमें सालाना आधार पर 18.34 प्रतिशत का इजाफा देखा गया है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दिन छिपते ही लूट

## हरिद्वार घूमने जा रहा था जोड़ा, बारिश के कारण सड़क पर रुके तो बदमाशों ने कनपटी पर लगा दी पिस्टल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राउंड द क्लॉक सफर करने के लिए सुरक्षित माना जाने वाला दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे (डीएमई) भी उतना सुरक्षित नहीं है। सीसीटीवी कैमरों से लैस एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार शाम एक कपल के साथ हुई लूट की वारदात ने सुरक्षा की कलई खोल दी। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके से वीकेंड मनाने एक कपल हरिद्वार के लिए निकला था, लेकिन मौसम खराब होने के चलते अपनी कार परतापुर टोल से वापस दिल्ली के लिए मोड़ दी। वापसी में कुशलिया गांव के पास उन्होंने टॉयलेट के लिए कार रोकी। इसी बीच चार बदमाश पैदल ही पहुंचे और युवक की कनपटी पर पिस्टल लगाकर गले से सोने की चेन और उसकी मंगेतर से पर्स लूट लिया।

### कुशलिया गांव के पास पुल पर वारदात

पीड़ित दिल्ली के उत्तम नगर निवासी सन्नी ने बताया- शुक्रवार शाम करीब पौने पांच बजे वह अपनी मंगेतर आशिका के साथ स्विफ्ट कार में सवार होकर हरिद्वार जाने के लिए निकला था। दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे पर मेरठ से पहले ही उन्हें लगा कि खराब मौसम में आगे जाना ठीक नहीं रहेगा। परतापुर टोल से उन्होंने कार वापस दिल्ली के लिए मोड़ दी। वापसी में कुशलिया गांव के पास पुल पर उन्होंने टॉयलेट के लिए कार रोकी थी। उस समय शाम के करीब साढ़े सात बजे थे। चार बदमाश पैदल ही उनकी ओर आए और कनपटी पर पिस्टल तान दी। सन्नी ने बताया कि बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन और मंगेतर का पर्स लूट लिया। पर्स में 80 हजार रुपए की नगदी और जरूरी कागजात जैसे आशिमा का आधार कार्ड, पैन कार्ड और एटीएम कार्ड आदि रखे थे।

एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की है रात में सफर करते समय सुरक्षित स्थान देखकर ही गाडी रोकें। कई बार अपराधी भ्रमित करने के लिए रूकने का इशारा करते हैं, उनके झांसे में न आएं और ऐसा होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### सोने की चेन और 80 हजार लूटे

पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बदमाशों ने उसके गले से सोने की चेन और उसकी मंगेतर का पर्स लूट लिया। पर्स में 80 हजार रुपए, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और अन्य जरूरी कागजात थे। युवती के चिल्लाने पर बदमाश मौके से फरार हो गए। 100 नंबर पर कॉल करने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और तहरीर के बाद पीड़ित कपल को घर भेज दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। वारदात मसूरी थानाक्षेत्र अंतर्गत जेल चौकी क्षेत्र की है।

## न्यूज डायरी

### मुलतानीमल मोदी कॉलेज में मनाया गया वन महोत्सव



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एनएसएस, एनसीसी एवं रोवर्स रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ एवं परिणाम भी घोषित किए गए। मुलतानीमल मोदी कॉलेज में जुलाई के प्रथम सप्ताह वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की शुरूआत एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर की गई, जिसमें उन्होंने वृक्षारोपण के प्रति समाज को जागरूक किया। एनसीसी के कार्यक्रम अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ0 मुकेश कुमार के नेतृत्व में कैडेट्स एवं स्वयंसेवकों ने पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की एनएसएस टीम की ओर से वृक्षारोपण के महत्व को लेकर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसी तरह रोवर्स रेंजर्स टीम के नेतृत्व में एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम भी घोषित किए गए। वाद विवाद प्रतियोगिता में एमए इतिहास के मुकुल शर्मा ने प्रथम, एमए इतिहास के भोला ने द्वितीय एवं एमए राजनीति विज्ञान की इंदु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में एमए इतिहास के शुभम सोनी ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की साक्षी ने द्वितीय एवं बीए प्रथम वर्ष की पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान डॉ0 मुकेश कुमार, डॉ0 अमर सिंह कश्यप, डॉ0 सुनीता सिरोही, डॉ0 राजकुमार, डॉ0 वैशाली यादव, डॉ0 नीतू व मंजीत सहित अनेक विद्यार्थियों की उपस्थिति रहे।

### कांवड़ यात्रा को लेकरशान्ति समिति की बैठक की गई



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सावन माह में शुरू होने जा रहे कांवड़ मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारिया शुरू कर दी गई हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने कांवड़ शिविर संचालकों के साथ बैठक की और शिविरों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था के साथ ही शिविर संचालकों को भी सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को मिश्रित आबादी में अतिरिक्त सुरक्षा बरतने के निर्देश दिये। साथ ही उन स्थानों को चिह्नित करने को भी कहा है जहां पहले झगड़े, बवाल आदि हुए हैं। थाना परिसर में कांवड़ मेले को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के साथ ही लगने वाले शिविरों को सड़क से हटाकर लगाने को कहा। उन्होंने थाना प्रभारी सुभाष चंद्र पांडे व चौकी प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों को मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर सतर्कता बरतने को कहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्वाइंट पर पुलिस कर्मी की डयूटी लगाई जाये उस सैक्टर व जोन के प्रभारी उसका निरीक्षण करते रहें। कांवड़ मेले में पूर्व में घटित घटनाओं और यातायात संबंधित समस्याओं का समय से आकलन हो। सामजंस्य बनाकर धार्मिक संगठनो से लेकर जनप्रतिनिधियों से भी सैक्टर के प्रभारी फीडबैक लें।

#### सोशल मीडिया पर कांवड़ से सम्बंधित सामग्री के प्रसारण पर नजर रखने के निर्देश

करंट क्राइम। बैठक में निर्णय लिया गा कि शिविर संचालकों की ओर से बस अड्डों, रेलवे स्टेशन के साथ सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करने के निर्देश दिये गये हैं।। कोई क्रियाशील नहीं है तो उसे समय से ठीक कराएं। कांवड़िये क्या करें और क्या न करें, इसके लिए यात्रा मार्ग पर होर्डिंग और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम के प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त फोर्स की तैनाती के साथ कांवड़ मेले से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली न्यूज आदि की लगातार निगरानी किये जाने पर जोर दिया। बैठक में थाना प्रभारी सुभाषचंद पांडे, भाजपा नेता स्वदेश जैन, नवीन जायसवाल ,विपिन अग्रवाल, मोहित तोमर, महेश तायल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कनाडा पेनल्टी में शूट कर पहली बार कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में




**आर्लिंगटन।** कनाडा ने इतिहास रचते हुए कोपा अमेरिका टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में वेनेजुएला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एटीएंडटी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले नियमित समय तक दोनों टीमों के 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद कनाडा ने पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की।

खेल के 13वें मिनट में जैकब शैफेलबर्ग ने कनाडा को बढ़त दिला दी। टीम के पास अपनी बढ़त को और बढ़ाने के कई मौके थे लेकिन वह फिर से प्रतिद्वंद्वी के डिफेंस को तोड़ने में सक्षम नहीं हो पाई।

कनाडा ने अपराजित वेनेजुएला टीम के खिलाफ तब तक अपनी पकड़ बनाए रखी जब तक कि सॉलोमन रोंडन, फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी ने 40 गज की दूरी से जबरदस्त चिप लगाई और गोलकीपर को परास्त कर 64वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने टूर्नामेंट का अपना तीसरा गोल स्कोर किया।

पूर्ण समय की सीटी 1-1 पर बजने से मैच सीधे पेनल्टी शूट आउट में चला गया क्योंकि टूर्नामेंट के इस चरण में अतिरिक्त समय नहीं खेला जाता है।

पेनल्टी शूटआउट देखना रोमांचकारी था क्योंकि दोनों पक्ष अपने विरोधियों को प्रतिबिंबित कर रहे थे। दोनों टीमों ने अपना पहला, तीसरा और पांचवां प्रयास भुनाया, जबकि साथ ही अपने दूसरे और चौथे शॉट को चूक गए, जिससे शूटआउट सडन डेथ में चला गया।

विल्कर एंजेल का पेनल्टी मैक्सिम क्रेप्यू ने बचा लिया और इस्माइल कोन ने शूटआउट 4-3 से जीतने का अगला मौका भुनाने में कोई गलती नहीं की।

जेसी मार्श की टीम टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार खेल रही है और अब वह टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में है जहां उनका मुकाबला अर्जेंटीना से होगा। यह कनाडाई फुटबॉल के लिए एक अच्छा संकेत है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा 2026 फीफा विश्व कप की संयुक्त मेजबानी करने वाले हैं।

# ओवरटाइम थ्रिलर ने सेमीफाइनल में जगह बनाई




**बर्लिन।** मिकेल मेरिनो के 119वें मिनट के विजयी गोल ने टूर्नामेंट के मेजबान जर्मनी को बाहर कर दिया और स्पेन ने शुक्रवार को स्टटगार्ट के एमएचपी-एरेना में यूरो 2024 में सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों टीमें नियमित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं और मैच को अतिरिक्त समय में खींच लिया गया, जहां ओल्मो के सटीक क्रॉस ने मेरिनो को निर्णायक गोल करने में मदद की। दोनों पक्षों को संघर्ष में पैर जमाने के लिए कुछ समय की आवश्यकता थी, क्योंकि कई फाउल ने खेल के प्रवाह को बाधित कर दिया था।

जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, स्पेन ने नियंत्रण हासिल कर लिया और लंबी दूरी के प्रयासों से मौके बनाए। हालाँकि, निको विलियम्स और फैबियन रुइज में सटीकता की कमी थी, जबकि लैमिन यमल ने फ्री-किक को बाहर मार दिया। जर्मनी बैकफुट पर रहा लेकिन आयमेरिक लापोर्टे और दानी ओल्मो दूर से गोलकीपर मैनुएल नेउर को मात नहीं दे सके।

काई हैवर्टज ने स्पेन के गोलकीपर साइमन यूनाई को कार्रवाई के लिए मजबूर करने के बाद पहले हाफ के समापन चरण में जर्मनी के लिए पहला स्पष्ट अवसर पैदा किया।

स्पेन ने दूसरे हाफ में शानदार शुरूआत की क्योंकि अल्वारो मोराटा बॉक्स के अंदर से टर्न शॉट के साथ लक्ष्य से चूक गए, इससे पहले ओल्मो ने अंततः 51वें मिनट में गतिरोध तोड़ दिया जब लीपज़िग के खिलाड़ी ने 14 मीटर से पहले प्रयास के साथ यमल के निचले पास को बाएं कॉर्नर में पहुंचा दिया।

जूलियन नगेल्समैन के खिलाड़ियों ने तुरंत जवाब देने की कोशिश की लेकिन या तो अंतिम पास गायब था, या स्पेन की रक्षा ने आखिरी



# फ्रांस ने पुर्तगाल को हराया सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ंत

**बर्लिन।** फ्रांस ने शुक्रवार को हैम्बर्ग के वोक्सपार्क स्टेडियम में यूरो 2024 क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 (0-0) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी जहां उसका मुकाबला स्पेन से होगा।

फ्रांस और पुर्तगाल ने पहले हाफ में समान रूप से संतुलित प्रदर्शन किया।पहले हाफ के 16 मिनट के खेल में पुर्तगाल को मौके मिले, जब ब्रूनो फर्नांडीस के लक्ष्य पर आशाजनक प्रयास को डिफेंडर विलियम सलीबा ने रोक दिया।

फ्रांस ने पहले हाफ का सबसे अच्छा मौका चार मिनट बाद बनाया जब थियो हर्नांडेज ने दूरी से पुर्तगाल के गोलकीपर डिओगो कोस्टा को एक्शन में आने के लिए मजबूर किया।

आधे समय के बाद, पुर्तगाल ने बागडोर संभाली और घंटे के निशान के करीब बढ़त बनाने के लिए आ गया, जब जोआओ कैंसलो की गेंद फर्नांडिस के पास पहुंची, जिसका ड्रिल्ड प्रयास लेस ब्लेस के गोलकीपर माइक मेगनन ने बचा लिया।

66वें मिनट में फ्रांस ने पुर्तगाल को लगभग पकड़ लिया था , लेकिन रूबेन डायस ने आखिरी समय में रैंडल कोलो मुआनी के शॉट को रोक दिया।

डिडिएर डेसचैम्प्स के खिलाड़ियों के पास समापन चरण में अधिक गति थी लेकिन एडवर्डो कैमाविंगा और ओस्मान डेम्बेले अपने आशाजनक अवसरों को गोल में नहीं बदल सके।

ओवरटाइम में पुर्तगाल अधिक सक्रिय टीम थी जबकि फ्रांस ने गहरा बचाव किया और पलटवार का इंतजार किया। जोआओ फेलिक्स के पास देर से ओवरटाइम विजेता बनाने का सुनहरा मौका था, लेकिन मुश्किल कोण से उनका हैडर साइड नेट में घुस गया।

गोलरहित 120 मिनट के बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। दोनों पक्षों के लिए दो सफल पेनल्टी के बाद, फेलिक्स चूक गए और बाएं पोस्ट पर नीचा शॉट मारा। हर्नांडेज ने मौके से 5-3 की बढ़त बनाने के बाद फ्रांस के लिए जीत हासिल की।

फ्रांस के गोलकीपर मेगनन ने कहा, ₹आज यह आसान नहीं था। हमने अपना जीवन कठिन बना लिया, लेकिन हमने बहुत अच्छा बचाव किया और एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी को दूर रखा। हम शूटआउट के दौरान घबराए नहीं थे और मैच जीत लिया।₹

परिणाम के साथ, फ्रांस मंगलवार को म्यूनिख के एलियांज एरेना में सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा।

# भारतीय टीम के खिलाफ बहुत सफल रहे हैं जिम्बाब्वे के कुछ खिलाड़ी



**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे क्रिकेट की एक ऐसी टीम रही है जिसका खेल समय के साथ निखरने की बजाए खराब ज्यादा हुआ है। जिस तरह से इस टीम ने 90 के दशक में अपना क्रिकेट के शिशु की इमेज से बाहर आकर दिग्गज टीमों को टक्कर देनी शुरू की थी उसके हिसाब से आज देखा जाए तो टीम की स्थिति निराशाजनक है। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय जिम्बाब्वे में पांच मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इस मौके पर 90 के दशक की जिम्बाब्वे टीम के उन खिलाड़ियों के बारे में जानेंगे जिन्होंने भारत के खिलाफ बहुत शानदार प्रदर्शन किया।

एंडी फ्लावर ना केवल जिम्बाब्वे के बल्कि दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बल्लेबाजों में एक रहे हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने भारत के खिलाफ 2436 रन बनाए हैं जिसमें 1138 रन टेस्ट में और 1298 रन वनडे में बने हैं। खास बात ये है कि उस समय टी20 क्रिकेट नहीं होता था। एंडी फ्लावर को आउट करना टीम इंडिया के लिए अक्सर बड़ा सिरदर्द रहता था। उन्होंने अपनी बेस्ट पारी भी भारत के खिलाफ खेली है, तब एंडी फ्लावर ने साल 2000 में नागपुर में 444 गेंदों पर 232 रन बनाए थे।

उस समय की जिम्बाब्वे टीम में फ्लावर बंधुओं का बोलबाला था। एक तरफ एंडी फ्लावर ने भारतीय टीम को परेशान किया तो उनके भाई ग्रांट फ्लावर ने बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में भी भारतीय टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। ग्रांट बाएं हाथ के स्पिनर और दाएं हाथ के बढ़िया बल्लेबाज थे और उन्होंने भारत के खिलाफ 1730 रन बनाने के अलावा 25 विकेट भी हासिल किए।

हीथ स्ट्रीक जिम्बाब्वे के महानतम तेज गेंदबाज और ऑलराउंडर थे। उनकी स्विंग गेंदों का सामना करना तब आला बल्लेबाजों के लिए भी चुनौतीपूर्ण होता था। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने भारत के खिलाफ 69 विकेट लेने के अलावा 807 रनों का भी योगदान दिया।

# ओलंपिक जाने वाले किशोर जेना और अविनाश साबले पेरिस डायमंड लीग मीट में भाग लेंगे




**नई दिल्ली।** आठवीं 2024 वांडा डायमंड लीग मीट रविवार को फ्रांस के पेरिस के चालेर्टी स्टेडियम में होने वाली है। प्रीमियर ट्रैक-एंड-फील्ड मीट में पेरिस 2024-क्वालीफाइड किशोर जेना और अविनाश साबले शामिल होंगे। किशोर जेना पुरुषों की भाला फेंक में एंडरसन पीटर्स (ग्रेनाडा), टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता जैकब वडलेज (चेक गणराज्य), जूलियन वेबर (जर्मनी) और अरशद नदीम (पाकिस्तान) के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 17 धावकों के भाग लेने वाले क्षेत्र के खिलाफ एक मजबूत फिनिश पर नजर रखेंगे, जिसमें साइमन किप्रॉप कोच (केन्या), अब्राहम किबिवोट (केन्या), रयुजी मिउरा (जापान) और डैनियल आर्से (स्पेन) जैसे धावक शामिल हैं।

पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वीडिश पोल वॉल्ट सनसनी आर्मंड डुप्लांटिस शामिल होंगे, जिन्होंने इस सीजन के ज़ियामेन इवेंट में एक नया विश्व रिकॉर्ड (6.24 मीटर) बनाया है। उनके साथ, पांच ओलंपिक चैंपियन, छह विश्व चैंपियन और 12 मौजूदा यूरोपीय चैंपियन पेरिस में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं।

इससे पहले, मौजूदा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने स्पष्ट किया था कि पेरिस डायमंड लीग उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं है और उनका ध्यान पेरिस ओलंपिक की तैयारी पर है।

# पुलिस 23 दिन बाद भी नहीं लगा पाई पत्रकार के लापता भाई का सुराग, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** करीब 23 दिन से लापता एक युवक का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है जिसके चलते परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से शीघ्र पता लगाये जाने की मांग की है।

थानान्तर्गत हरमुखपुरी कॉलोनी से लापता हुए एक पत्रकार के भाई रजनीश शर्मा के मामले में पुलिस कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 22 दिन बाद भी पुलिस उसकी तलाश नहीं कर पायी है, बल्कि पत्रकार के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अनहोनी की आशंका के चलते परिजन थाने व अधिकारियों के चक्कर काट काटकर परेशान हो चुके हैं। पुलिस की इस निष्क्रियता को लेकर पत्रकार संगठनों ने भी रोष जाहिर किया है और आंदोलन की चेतावनी दी है। हरमुखपुरी कॉलोनी निवासी पत्रकार आकाश शर्मा का भाई रजनीश क्रिएटिव आर्टिस्ट है। नोएडा की एक कंपनी में नौकरी करते हैं। वह 23 दिन पहले नोएडा आफिस जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन रात तक भी नहीं लौटे। उनके दोनों मोबाइल फोन बंद आ रहे हैं।

परिजन उसकी तलाश के लिए आगरा, मथुरा, दिल्ली से लेकर विभिन्न प्रांतों मे ढूंढ रहे हैं लेकिन मोदीनगर पुलिस विफल साबित हो रही है। परिजन अनहोनी की चिंता जाहिर कर रहे हैं। आरोप है कि युवक को तलाशने के लिए पुलिस की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। परिजन खुद ही युवक की तलाश में जुटे हुए हैं। जिला व स्थानीय पत्रकार संगठनों ने पुलिस की इस कार्यप्रणाली को लेकर रोष जाहिर किया है। इस मामले में एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि युवक की तलाश में पुलिस टीम जुटी है। जल्द युवक को सकुशल बरामद किया जाएगा।

# ओलंपिक मेडल जीतने से खिलाड़ियों के साथ उनके परिवार और गांव की जिंदगी भी बदल जाती है: साक्षी मलिक

- साक्षी ने हरियाणा की लड़कियों में कुश्ती की लोकप्रियता के बारे में बताया कि, वहां हर दस मिनट की दूरी पर एक स्टेडियम है जहां आपको लड़कियां ट्रेनिंग करती हुई मिल जाएंगी




**मुंबई।** भारत की स्टार रेसलर साक्षी मलिक ने कहा कि ओलंपिक मेडल जीतना सिर्फ खिलाड़ियों की ही जिंदगी नहीं बदलता, बल्कि उनके परिवार और गांव को भी बदल देता है। भारत 120 खिलाड़ियों का दल ओलंपिक में भेज रहा है, जिसमें गत चैम्पियन पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की अगुवाई में एथलेटिक्स टीम है, 21 सदस्यीय निशानेबाजी टीम है और 16 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम शामिल है। जेएसडब्ल्यू ग्रुप की मेजबानी में आयोजित एक पैनल बातचीत के दौरान ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा कि ओलंपिक सपना सिर्फ खिलाड़ी का नहीं, बल्कि पूरे परिवार का सपना होता है। साक्षी ने रोहतक में छोटू राम स्टेडियम में ट्रेनिंग ली थी, उनकी ऐतिहासिक मेडल जीत के बाद टिन की छत के इस स्टेडियम को वातानुकूलित हॉल में तब्दील कर दिया है। यहां तक कि उनके नाम पर गांव में एक स्टेडियम भी बनाया गया। साक्षी ने हरियाणा की लड़कियों में कुश्ती की लोकप्रियता के बारे में बताया कि, वहां हर दस मिनट की दूरी पर एक स्टेडियम है जहां आपको लड़कियां ट्रेनिंग करती हुई मिल जाएंगी। अब ये पुरानी धारणा बदल गई है कि लड़कियां रेसलिंग नहीं कर सकती हैं। पहली बार ओलंपिक में पांच लड़कियां कुश्ती के लिए जा रही हैं, जबकि लड़का केवल एक है। रियो ओलंपिक में जिमनास्टिक में चौथे नंबर पर आने वाली दीपा कर्माकर ने तब पदक ना जीत पाने की निराशा व्यक्त की और कहा कि एक खिलाड़ी के लिए चौथे नंबर पर आना सबसे बुरा है। कोई भी खिलाड़ी जो चौथे नंबर पर आता है वह कभी चैन से नहीं सो सकता। हालांकि करमाकर ने इन चीजों से सीखने के महत्व पर जोर दिया है। उनकी ओलंपिक यात्रा ने त्रिपुरा में भी काफी बदलाव लाया है जहां जिम्नास्टिक अब काफी उत्साह के साथ अपनाया जा रहा है। 2016 ओलंपिक के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत सुधार आए, जिसमें फॉम पिट जैसे अहम उपकरणों का इस्तेमाल भी था जो पूर्व में उपलब्ध ही नहीं होते थे। लेकिन करमाकर को ये भी लगता है कि ऐसी सुविधाएं अगर पहले उपलब्ध होती तो देश के मेडल दोहरे अंकों में होते। लेकिन पेरिस ओलंपिक में ये चीजें बदल सकती हैं। करमाकर ने कहा कि जब तक हम सफल नहीं होते, तब तक एक खिलाड़ी के तौर पर हमें कुछ नहीं मिलता है। जिम्नास्टिक एक ऐसा खेल है जिसके बारे में लोग बहुत ज्यादा नहीं जानते थे, और लड़कियों को कमतर आंका जाता था। उभरती हुई एथलीट प्रिया मोहन का कहना है कि हर खिलाड़ी की सफलता की अपनी एक समयरेखा होती है।

# 22 जुलाई से शुरू होगी कांवड़ यात्रा सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा पूरा रूट, बिजली के सभी खंभे पॉलिथीन से होंगे कवर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांवड़ यात्रा इस बारिश की फुहारों के बीच होगी। कांवड़िए भगवा कपड़े धारण कर झूमते गाते शिवालयों की ओर बढते हैं तो पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, खासकर गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर जनपद भोले के रंग में रंगा नजर आता है। 22 जुलाई के बाद कांवड़ यात्रा मार्ग पर यह नजारा आम होगा। कांवड़ यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस - प्रशासन कांवड़ यात्रा की फुल प्रूफ तैयारियां करने में जुटा है। कांवड़ियों की सुरक्षा और उनकी सुविधा को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। कांवड़ यात्रा का पूरा रूट सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा।



### सीसीटीवी की जद में होगी कांवड़ यात्रा

कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोले के भक्तों की सुरक्षा को खास बंदोवश्त किए जा रहे हैं। गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जोन, थाना और चौकी स्तर पर जिम्मेदारियां तय की गई हैं। कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए हर साल की तरह यातायात पुलिस रूट डायवर्जन प्लान तैयार करने में लगी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कांवड़ यात्रा के सभी रूट पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों की जद में होंगे। इसके साथ ही कांवड़ियों के सेवा में सड़क किनारे खाने और आराम करने के लिए आयोजित कैंप भी सीसीटीवी की निगरानी में होंगे। हर कैंप में आयोजक को कम से कम दो सीसीटीवी अवश्य लगाने होंगे।

### सादी वर्दी में भी तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

गाजियाबाद में मोदीनगर थानाक्षेत्र से दिल्ली बार्डर से सटे कौशांबी थानाक्षेत्र तक यात्रा मार्ग में 105 चौकियां यात्रा मार्ग में पड़ेंगी। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने बताया कि हर चौकी पर नौ पुलिसकर्मी तैनात होंगे। इनमें पांच-पांच सब-इंस्पेक्टर और चार -चार कांस्टेबल शामिल रहेंगे। यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली सभी चौकियों के लिए डयूटी आवंटित कर दी गई हैं, इसके अलावा एलआईयू और सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखेंगे। मेरठ रोड पर कंट्रोल रूम स्थापित कर जनपद के पूरे यात्रा मार्ग पर नजर रखी जाएगी।

### यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले बिजली के सभी खंभे पॉलिथीन से कवर होंगे

इस यात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रूचि और दिशा-निदेर्शों के चलते प्रशासन खासतौर पर सतर्क रहता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा के दौरान बजने वाले डीजे सुरक्षित मानकों का ध्यान रखते हुए ही बजाए जाएं, डीजे की आवाज ज्यादा तेज न हो। प्रशासन इस बात का आश्वस्त कर ले। साथ ही कांवड़ यात्रा रूट पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी और हादसों पर अंकुश लगाने के लिए बिजली के खबों और तारों को दुरस्त करने के भी आदेश शासन से प्राप्त हुए हैं। यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सभी खंभे बिजली के पॉलीथीन से कवर करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### गाजियाबाद से गुजरते हैं दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान तक के कांवड़िये

कांवड़ यात्रा के दौरान भोले के भक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान तक जाते हैं। यूपी में मेरठ और गाजियाबाद इस यात्रा के अहम पड़ाव माने जाते हैं। श्रावण माह में होने वाली कांवड़ यात्रा का खास महत्व माना जाता है। श्रावण माह के दौरान लाखों की संख्या में गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। इससे कहीं अधिक कांवड़ यात्री गाजियाबाद से होते हुए दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान तक जाते हैं। दूधेश्वर नाथ के महंत श्री नारायण गिरी बताते हैं कि 22 जुलाई को श्रावण मास शुरू होने के साथ ही कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। सोमवार के दिन भोले का जलाभिषेक करने का खास महत्व होता है, इसलिए श्रावण मास में पड़ने वाले हर सोमवार को भोले भक्तों की भारी भीड़ दूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचती है।




### इन जनप्रतिनिधियों से बेहतर तो अफसर हैं मौके पर समाधान करते हैं

अब देहात से लेकर शहर के लोग किसी भी नेता के यहां प्रर्दशन ही नही करते और ये भी है कि वो अब कोई काम भी किसी नेता को नही बताते। जन के वोटो से जीते जनप्रतिनिधियों के यहां फरियादियों के मेले ही नही लगते अब। जनता को भी पता है कि इनकी तो खुद अफसर ही ना सुन रहे तो ये हमारी बात क्या सुना पायेगें। गली मौहल्ले के जन प्रतिनिधि तो जन पर ही कहर बन रहे हैं। उन्हे पक्ष जनता का लेना है और वो अफसर के कक्ष में शिकायत ही जनता की कर रहे हैं। नगरआयुक्त के यहां शिकायती पत्रों का शिजरा टटोल लो तो लैटर बोल उठेगें कि मैटर तो उठाया हुया ही फलाने मेंबर का है। जीडीए में शिकायते ही फूल वालें कर रहे हैं। भगवागढ़ में कमाल ये है कि जनता इंसाफ के लिये अफसरों की चौखट पर हैं। उन्हे नेताओं पर भरोसा ही नही है और तहसील दिवस से लेकर समाधान दिवस तक और डीएम से लेकर पुलिस अफसर के दर पर लोग खड़े हैं। पब्लिक वाले ने ही बताया कि अफसरों के यहां समाधान होता हैं और इन नेताओं को बात पता चल जाये तो घमासान होता है। पब्लिक वाले ने कहा कि पहले वाले डीएम साहब दरवाजे खोल कर बैठते थे और मौके पर न्याय। निगम वाले बड़े साहब आम आदमी की पूरी बात को सुनते हैं और समाधान करते हैं।

### हाथी की सूंड ही बाहर है बाकी पूंछ तो अदंर ही मान कर चलो आप

वैसे यूपी मे नीला हाथी बेहोश तो बाईस में ही हो गया था। सिंगल विधायक और रही सही कसर लोकसभा में पूरी हो गई जब हाथी जीरो पर आऊट हो गया। एक दौर था जब सूटकेस से कम तो बात ही नही थी और उसमे भी कई बार फेस बदल जाते थे और सूटकेस बदल जाते थे। गली मौहल्ले तक के चुनाव में भी आवाज लगती थी कि अलाने वार्ड का हाथी इतने का और फलाने वार्ड का हाथी इतने का। लेकिन इस बार तो सारे गुमान ही निकल गये और पता चला है कि हाथी की थर्ड डिवीजन केवल गाजियाबाद में ही नही आई वो यूपी की कई सीटो पर थर्ड आया है। साईकिल ने रफ्तार पकड़ी है और हाथ ने भी दम दिखाया है। सियासी नब्ज देखने वाले हकीम ने कहा कि आप ये मान लो कि हाथी की सूंड ही बाहर है बाकि पूंछ तो अब आप अदंर ही मान कर चलो उसकी।

### हमारा दिल ही ये देखकर डोला कि कोई भी उसके हक में नही बोला

सियासत किसी भी दल की हो उसमें सबसे बड़ा बल ही कार्यकर्ता का होता है और कार्यकर्ता के लिये लीडर सड़क पर आते हैं, मोर्चा खोलते हैं। लेकिन फूल सरकार में कार्यकर्ता के रोजगार पर बुलडोजर चला। कार्यकर्ता के दिल में रंज भी हुया और उसने थैंक्स के साथ रंज भी बंया किया। सितम देखिये कि उसकी आवाज बनकर सपाई तो आ गये लेकिन भाजपा का एक भी जनप्रतिनिधि नही बोला। फूल वालों के लिये देवतुल्य के सम्मान से बड़े रूल हो गये। इस घटना के बाद भाजपाई होने जा रहे एक लीडर ने अपना विचार त्याग दिया है। उन्होने कहा कि हमारा तो दिल ही ये देखकर डोला कि इतनी बड़ी भाजपा में उसके हक में कोई नही बोला। मौजूदा सांसद बोल सकते थे चलो वो नही तो पूर्व सांसद बोल सकते थे। विधायक बोल सकते थे वो भी नही तो एमएलसी बोल सकते थे। कैबिनेट मंत्री बोल सकते थे वो नही तो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बोल सकते थे। निगम की मुखिया बोल सकती थ्री भगवा कमांडर बोल सकते थे। जो दल अपने कार्यकर्ता के दुख में शामिल नही हो सकता उस दल के बल का क्या फायदा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रख्यात शिक्षाविद्, देश में 'एक प्रधान, एक विधान और एक निशान' विचार के अग्रदूत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र की एकात्मता और अखण्डता के लिए उनका महान बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणाश्रोत है।

इस अवसर पर निगम पार्षद एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी जितेंद्र यादव, मंडल मंत्री पवन कश्यप, सुशील, रामपाल, सतीश, प्रदीप गिरी, रवि, पीयूष, जगदीश, सोनू, सुनील, अनिल आदि लोग मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में महिला से चेन लूटी, युवती से मोबाइल, सड़क पर मुंह के बल गिरी महिला, वीडियो वायरल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस के तमाम दावों के बाद भी महिलाओं के खिलाफ अपराध कम नहीं हो रहे हैं। गाजियाबाद की पॉश कालोनी वसुंधरा में दिनदहाड़े जहां एक महिला से चेन लूटने की वारदात सामने आई है वहीं सिहानीगेट थानाक्षेत्र अंतर्गत हमदर्द चौक से युवक से झपटमार मोबाइल लूटकर फरार हो गए। वसुंधरा में हुई वारदात के दौरान महिला मुंह के बल पर सड़क पर गिरकर चोटिल हो गई। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है।





### पहली वारदात

इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में वसुंधरा के सेक्टर -तीन में सविता पत्नी ध्यान सिंह शुक्रवार शाम करीब पौने पांच बजे अपने घर लौट रही थीं। घर के थोड़ा सा पहले ही बाइक सवार दो बदमाश आए। दोनों ने हेलमेट लगाए हुए थे। चलती बाइक से पीछे बैठे युवक ने सड़क पर ट्राली बैग लेकर जा रही महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। अचानक हुए इस हादसे से महिला सड़क पर मुंह के बल गिरकर चोटिल हो गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर बदहवाश हुई महिला को संभालते हुए ढांढस बंधाया। देर रात इंदिरापुरम थाना पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की छानबीन शुरू कर दी। डीसीपी (ट्रांस हिंडन) निमिष पाटिल ने बताया कि लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई हैं।

### दूसरी वारदात

सिहानीगेट थानाक्षेत्र में हमदर्द चौक के पास दूसरी वारदात दिल्ली निवासी एक युवती के साथ हुई। छतरपुर पहाड़ी इलाके निवासी राधिका भारद्वाज यूनिचेम लेबोरेट्री में ट्रेनिंग करने आई थी। शुक्रवार शाम वह ट्रेनिंग पूरी करके निकली। हमदर्द चौक के पास पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो युवकों ने राधिका का मोबाइल फोन लूट लिया।

शोर मचाने पर कुछ लोगों ने युवकों का पीछा भी किया लेकिन वे फरार हो गए। एक राहगीर के फोन की मदद से पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर थाने पर शिकायत देने को कहा। थाने जाकर तहरीर देने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि लुटेरों की तलाश की जा रही है।

## लिंक भेज खाते से लाखों रुपए हड़पे

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** साइबर अपराध की दिन प्रतिदिन घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। शातिरों ने एक युवक को लाभ कमाने का झांसा देकर उसे लिंक भेज उसके खाते से लाखों रुपए हड़प लिये। ठगी का शिकार युवक की ओर से दी तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और साइबर क्राइम की टीम को जांच सौप दी है। बाग कॉलोनी निवासी रोहित सिंह ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके व्हाटसअप पर एक कंपनी की ओर से कम धन लगाकर अधिक लाभ कमाने का ऐप आया। एप के जरिये लिंक भेजा गया जिसके तहत शातिरों ने उसके बैंक से तीन बार में फरवरी 2024 में ढाई लाख रुपए से अधिक निकाल लिए। ठगी के शिकार युवक ने जिस खाते में उसके रुपए ट्रांसफर हुए हैं, उसकी डिटेल व मोबाइल नंबर पुलिस को सौंप दिया है पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।




## हर जोन में हैं रीलबाज टू-स्टार



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में शुक्रवार को दो टू-स्टार तारा रील बनाने के चक्कर में सस्पेंड किए गए थे। शुक्रवार को हुई खाकी पर इस कार्रवाई के बाद शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट में इसकी चर्चा कई सर्किल और जोन में भी देखने को मिली है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट के तीन जोन में कोई भी जोन ऐसा नहीं है जहां अंडर ट्रेनिंग रीलबाज टू-स्टार बड़ी संख्या में ना हों। रील के मामले में क्या पुरुष और क्या महिला पुलिसकर्मी सब एक से बढ़कर एक हैं। नियम ताक पर रखकर पुलिस सर्विस का उल्लंघन कर रहे हैं। कई रीलबाज टू-स्टार तो ऐसे हैं कि वह नेक काम की वीडियो डाल रहे हैं, पर बड़ी संख्या में ऐसे टू स्टार हैं, जो फिल्मी गानों से लेकर अलग-अलग रील को अपनी लाइफ से जोड़कर प्रदर्शित करते हैं। बीते दिनों सिटी में एक थाने के कार्यालय की बनी रील को इलाके के अधिकारियों ने डिलीट करवाया था, पर इसके बावजूद भी पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में रील को लेकर टू-स्टार की हरकतें रुक नहीं रही हैं। सुनने में आ रहा है कि कई पिंक बूथ की भी रील सोशल मीडिया पर आई हैं, पर अभी उन पर कार्रवाई वाला एक्शन नहीं हुआ है। खाकी के कई पुलिस अधिकारी भी रील के चक्कर में सोशल मीडिया पर हिट हैं, तो कई पर काफी कमेंट भी आते हैं। कुछ रोजाना सोशल मीडिया पर बेधड़क होकर पोस्ट भी करते हैं। कुल मिलाकर अंडर ट्रेनिंग टू-स्टार पर हुई सख्त कार्रवाई का आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कितना असर देखने को मिलेगा यह रीलबाज दरोगाओं की प्रोफाइल बताएगी। वैसे अधिकांश रीलबाज टू-स्टार बुलेट पर बिना हेलमेट, काले चश्मे और सरकारी हथियार दिखाने का जो फैशन प्रदर्शित कर रहे हैं, उनकी संख्या बेहद बड़ी है। इसमें भी देखा गया है कि रीलबाज टू-स्टारों में अनुशासन बेदह कम नजर आता है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में आधा दर्जन आईपीएस अधिकारियों की मौजूदगी होने के बावजूद भी इन रीलबाज टू-स्टारों पर अपने शीर्ष अधिकारियों का डर नजर नहीं आता है। शायद उन्हें होने वाली कार्रवाई का भी अंदाजा नहीं है कि वह उनके कैरेक्टर रोल पर कितना दुष्प्रभाव डालेगी। देखना होगा देहात जोन में हुई सख्त कार्रवाई के बाद सिटी और ट्रांस हिंडन वाले जोन के रीलबाज टू- स्टार क्या सुधार करते हैं।

## आरंभ एक पहल ने की मदद की नई पहल





गाजियाबाद, करंट क्राइम। जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कार्य करने वाली संस्था आरंभ एक पहल ने मदद की एक नई पहल की है। आमतौर पर लोग गर्मी में शीतल जल वितरण करते हैं और सर्दियों में कंबल वितरित करते हैं। इन सबके बीच एक मौसम बरसात का भी आता है जिसमे एक वर्ग ऐसा भी है जो रोजी रोटी के लिए मजबूरी में बरसात में भीगता है।

संस्था की चेयर पर्सन पल्लवी शर्मा ने कलेक्ट्रेट के सामने छोटी छोटी ठेलियो पर भुट्टे बेचने वालो का ध्यान रखा है। उनका कहना है कि ये लोग बरसात में भीगते है और इससे उनका सामान भीग जाता है जिससे उनका नुकसान भी होता है। ऐसे लोगो को बारिश से बचाव के उनकी संस्था आरंभ एक पहल द्वारा छतरी वितरित की गई है।

मदद का भाव ये है कि इन लोगो का बारिश में रोजगार का सामान ना भीगे और नुकसान नहीं हो। उन्होंने कहा कि अभी अन्य जरूरतमंद लोगों को और भी छाते वितरित किए जायेंगे। इस अवसर पर केडी वत्स, सार्थक कौशिक और साकार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## कर अधिवक्ताओं व व्यापारियों की मेहनत रंग लाई मोदीनगर में फिर शुरू होगा राज्य कर कार्यालय

- विधायक मंजू शिवाच ने मुखमंत्री से मिलकर प्रकरण में निभाई अहम भूमिका





**मोदीनगर,करंट क्राइम।** राज्य कर कार्यालय मोदीनगर में पुनः शुरू होने की अब प्रबल संभावना बन गई है। भाजपा विधायक डॉ0 मंजू शिवाच एवं राज्य कर अधिकारियों व व्यापारियों के बीच शनिवार को हुई बैठक के बाद राज्य कर कार्यालय को मोदीनगर में पुनः शुरू करने के निर्णय पर मुहर लग गई है। बताते चलें कि मोदीनगर में संचालित राज्य कर कार्यालय को गत माह रातोंरात बंद कर गाजियाबाद स्थानांतरित कर दिया गया था। इससे व्यापारियों व कर अधिवक्ताओं में आक्रोश था। गौरतलब है कि दोनों संगठनों की ओर से मोदीनगर में करीब चार दशक से संचालित राज्य कर कार्यालय को गाजियाबाद स्थानांतरित करने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई थी।

राज्य कर अधिवक्ता व उ0प्र0 कर अधिवक्ता संगठन लखनऊ के प्रांतीय को-चैयरमैन वर्कशाप व विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने इस प्रकरण में अपनी अहम भूमिका अदा की है। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने बीते दिनों लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। विधायक ने कार्यालय गाजियाबाद स्थानांतरित करने से व्यापारियों और अधिवक्ताओं के रुख की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी थी। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई का आश्वासन दिया था। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच के साथ राज्य कर के एडिशनल कमिश्नर दिनेश मिश्रा व अन्य अधिकारी, व्यापारियों सहित नगर पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली के बीच बहुपक्षीय बैठक हुई है। बैठक में राज्य कर कार्यालय मोदीनगर में पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया। आश्वासन दिया गया कि नगर पालिका परिषद राज्य कर कार्यालय के लिए शीघ्र ही भवन का चयन करेगा जिसके बाद मोदीनगर में कार्यालय शुरू हो जाएगा। राज्य कर कार्यालय के पुनः स्थापना के लिये राज्यकर अधिवक्ता व उ0प्र0 कर अधिवक्ता संगठन लखनऊ के प्रांतीय को-चैयरमैन वर्कशाप एडवोकेट अरुण कुमार राघव व विधायक डॉ0 मंजू शिवाच शुरू से ही अपनी अलख जगायें हुए थे। जिसके परिणाम स्वरूप अब वह अंतिम क्षण भी आ गया कि शीघ्र ही पालिका द्वारा कार्यालय स्थापना के लिये स्थान का चयन करने के उपरान्त यह चालू कर दिया जायेगा।

## डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें किया याद



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मोदीनगर में विभिन्न बूथों पर जनसंघ के संस्थापक डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन चरित्र पर चर्चा की गई।

शक्ति केंद्र 17 के बूथ नंबर 191 पर आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री नवेंद्र गौड, शहर मंडल अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा अनिल सेन, धर्मेद्र चौधरी, सौरभ शर्मा, हर्षित वर्मा, मुकेश गुप्ता, प्रवीण मित्तल, मनीष व दीपक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हाईकोर्ट के पूर्व स्टेनो 20 साल बाद बरी: गाजियाबाद में जज बनकर प्रोटोकॉल लेने का था आरोप, पुलिस नहीं जुटा पाई सबूत

- पुलिस को ऐसा कोई गवाह भी नहीं मिला, जो मुकदमे में नामजद सूर्यबली सिंह को पहचान सके।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद कोर्ट ने 20 साल पुराने मुकदमे में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर स्टेनो को बरी कर दिया। मुकदमा ट्रायल के दौरान हाईकोर्ट के वकील की मृत्यु हो चुकी थी। आरोप था कि इन दोनों ने हाईकोर्ट के जज की सूचना पुलिस को देकर गाजियाबाद में सरकारी प्रोटोकॉल लिया।

आलीशान होटल में दो दिन रुककर मौज उड़ाई। पुलिस इतने सालों में इस मुकदमे से जुड़ा एक भी सबूत कोर्ट को नहीं दे पाई।

इंस्पेक्टर के मुताबिक, इन दोनों व्यक्ति ने उन्हें कॉल करके कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस गाजियाबाद आ रहे हैं। उनके ठहरने की व्यवस्था की जाए और सरकारी प्रोटोकॉल दिया जाए।

एफआईआर में लिखवाया गया कि ये दोनों व्यक्ति गाजियाबाद के शिप्रा होटल में दो दिन तक रुके। गलत तरीके से सरकारी प्रोटोकॉल लिया, जबकि ये दोनों जज नहीं थे। इस तरह दोनों ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया।

कोर्ट में करीब 16 साल तक ट्रायल चला। 5 जुलाई 2024 को इस केस में आखिरी तारीख थी। प्रतिवादी पक्ष की तरफ से इस मुकदमे की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश भारद्वाज ने की।

### सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दर्ज था मुकदमा

वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश भारद्वाज ने बताया, साल-2004 में गाजियाबाद नगर कोतवाली के इंस्पेक्टर ने आईपीसी सेक्शन-420, 170 में मदनलाल राय और सूर्यबली सिंह के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज कराई।

### ट्रायल के दौरान वकील की हुई मृत्यु

पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में मदनलाल राय और सूर्यबली सिंह के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश की। मदनलाल राय उस समय हाईकोर्ट में वकील थे और सूर्यबली सिंह स्टेनो थे। मुकदमा ट्रायल के दौरान करीब 10 साल पहले मदनलाल राय की मृत्यु हो गई।

### होटल के रजिस्टर में नहीं मिली एंट्री

गाजियाबाद न्यायालय के एसीजेएम-6 पवन कुमार चौरसिया ने सबूतों के अभाव में सूर्यबली सिंह को बरी कर दिया है। प्रतिवादी पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता उमेश भारद्वाज ने बताया, पुलिस इस केस में कोई सबूत पेश नहीं कर सकी।

उदाहरण के तौर पर पुलिस ने जिस शिप्रा होटल में सूर्यबली सिंह के 2 दिन रुकने की बात कही है, उस होटल की सीसीटवी फुटेज नहीं थी। यहां तक एंट्री रजिस्टर में सूर्यबली सिंह का नाम भी नहीं था। पुलिस को ऐसा कोई गवाह भी नहीं मिला, जो मुकदमे में नामजद सूर्यबली सिंह को पहचान सके। इन सब आधार पर कोर्ट ने 68 साल के सूर्यबली सिंह को बरी कर दिया है।

## गाजियाबाद में चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

## फर्जी आईडी पर सिम खरीदते और बैंक खाते खुलवाते थे, इन्हीं नंबरों से करते हैं ठगी की कॉल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने शनिवार को चार ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जो साइबर अपराधियों को फर्जी आईडी पर मोबाइल सिम उपलब्ध कराते थे और बैंक खाते खुलवाकर देते थे। साइबर अपराधी इन्हीं सिम से कॉल करके फ्रॉड की घटनाएं देशभर में करते थे।

पकड़े गए आरोपी फैसल उर्फ फैजू निवासी गोरखपुर, जानी उर्फ अक्षत कुमार निवासी दिल्ली, विशेष सैनी उर्फ विश्वास उर्फ सुंदर निवासी सदर बाजार दिल्ली और गौरव कुमार निवासी नोएडा एक्सटेंशन हैं। नंदग्राम थाना पुलिस ने इनसे 5 मोबाइल, दो आधार कार्ड, पेन कार्ड, तीन डेबिट कार्ड, एयरटेल कंपनी के 70 सिम सहित अन्य डॉक्यूमेंट्स बरामद किए हैं। इन चारों आरोपियों की गिरफ्तारी नंदी पार्क के नजदीक से हुई है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फर्जी आईडी सिम खरीदकर उन्हें एक्टिवेट कराते हैं और नोएडा एक्सटेंशन में रहने वाले गौरव कुमार को दे देते हैं। इसी तरह फर्जी आईडी पर बैंक खाते खुलवाने में शाहरा दिल्ली निवासी हनी इस गैंग की मदद करता है। हनी अभी फरार है। इस गैंग को एक सिम के 500 रुपए और एक बैंक खाता खुलवाने के 10 से 15 हजार रुपए साइबर अपराधी देते हैं। ये पूरा गैंग टेलीग्राम पर जुड़ा हुआ है, जहां आपस में बातचीत होती हैं। इस गैंग का चौथा आरोपी गौरव यूएसडीटी/क्रिप्टो करेंसी को कैश करने का काम करता है। इस काम में वो फर्जी सिम और बैंक खाते का इस्तेमाल करता है।

# भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी के पक्ष में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर

**लंदन।** ब्रिटेन में 14 साल बाद कंजर्वेटिव पार्टी की करारी हार पर ऋषि सुनक ने इस्तीफा दे दिया है। प्रतिद्वंद्वी लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री का कार्यभार संभाल लिया है। ये वही नेता हैं जिन्होंने कश्मीर मुद्दे पर अपनी लेबर पार्टी का रुख बदला और माना कि भारत-पाकिस्तान को वार्ता के जरिये ही यह मुद्दा हल करना चाहिए। उनसे पहले जेरेमी कॉर्बिन के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने भारत सरकार द्वारा कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने पर अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा कश्मीरियों के आत्मनिर्णय के अधिकार की पैरवी का प्रस्ताव पारित किया था।



## कश्मीर पर लेबर पार्टी का रुख बदला, चीन के खिलाफ सख्ती

2019 में कॉर्बिन के रुख से प्रवासी भारतीयों में काफी नाराजगी थी, लेकिन स्टार्मर ने भारतवंशियों को साधा और जीत की बुनियाद रखी। स्टार्मर ने भारतीय प्रवासियों के साथ बैठकों में इस बात पर जोर दिया कि कश्मीर भारत का आंतरिक मुद्दा है और इसे दोनों पड़ोसी ही हल करेंगे। उनकी पार्टी ने 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में 412 सीटें जीतकर बहुमत पा लिया। पूर्व पीएम ऋषि सुनक पार्टी को बहुमत के लिए जरूरी 326 सीटें नहीं जिता सके। उनकी पार्टी को 118 सीटें ही मिलीं। चुनावी जीत को स्टार्मर (61) ने बड़ा परिवर्तन बताया। उन्होंने 14 साल के कंजर्वेटिव शासन के बाद ह्यराष्ट्रीय नवीनीकरणह्न का वादा करते हुए कहा, काम तुरंत शुरू होगा। हालांकि, सुनक ने 23,059 वोटों के साथ उत्तरी इंग्लैंड में अपनी सीट जीत ली है। उन्होंने पार्टी की हार स्वीकारते हुए कहा, मेरे गंभीर फैसलों के चलते पार्टी को हुई नुकसान की जिम्मेदारी भी मेरी ही है, लेकिन मैं सेवा जारी रखूंगा। उन्होंने कहा, लेबर पार्टी ने आम चुनाव जीता है, मैं सर कीर स्टार्मर को बधाई देता हूं। उनके साथ पत्नी अक्षता मूर्ति भी शामिल थीं।

**भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी के पक्षधर हैं स्टार्मर :** स्टार्मर भारत के साथ नये सिरे से रणनीतिक साझेदारी के पक्षधर हैं। उन्होंने भारतीय मूल के लोगों के साथ लेबर पार्टी के संबंधों में सकारात्मक बदलाव की वकालत की है। उन्होंने अपनी पार्टी को मजबूत जनादेश मिलने पर भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साथ-साथ वैश्विक सुरक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने का संकल्प जताया था। लेबर पार्टी के चुनावी घोषणापत्र में भी इसे शामिल किया गया था।

स्टार्मर ब्रिटिश भारतीयों के साथ अपनी पार्टी के रिश्ते को नये सिरे से आकार देने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूर्व नेता जेरेमी कॉर्बिन के समय कश्मीर पर भारत विरोधी रुख को लेकर प्रभावित हुए थे। स्टार्मर ने पिछले साल इंडिया ग्लोबल फोरम में कहा था, मेरी लेबर पार्टी की सरकार भारत के साथ लोकतंत्र और आकांक्षा के हमारे साझा मूल्यों पर आधारित संबंध तलाशेगी।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर ने डेविड लैमी को विदेश सचिव नियुक्त किया, जल्द कर सकते हैं भारत का दौरा

**लंदन।** ब्रिटेन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने आम चुनाव जीतने के बाद लेबर पार्टी की सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्टार्मर ने शुक्रवार को डेविड लैमी को अपना विदेश सचिव नियुक्त किया। लैमी जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। क्योंकि 51 वर्षीय लेबर नेता ने पिछले महीने ही कहा था कि अगर उनकी पार्टी 4 जुलाई को सत्ता में आती है तो वह नई दिल्ली का दौरा करेंगे। स्टार्मर भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं।

विदेश सचिव नियुक्त होने के बाद लैमी ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए पूर्व प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा तय की गई दिवाली 2022 की समयसीमा का जिक्र किया। कहा कि कई दिवाली बिना किसी व्यापार समझौते के आईं और चली गईं और बहुत से व्यवसायों को इंतजार करना पड़ा।

लैमी ने भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और व्यापार मंत्री पियूष गोयल को संदेश दिया। उन्होंने दोनों के मुक्त व्यापार समझौता करने के लिए आमंत्रित किया।

लैमी ने कहा, लेबर के साथ, एशिया में रुडयार्ड किपलिंग की उस पुरानी कविता को पढ़ने वाले बोरिस जॉनसन के दिन खत्म हो गए हैं। अगर मैं भारत में कोई कविता पढ़ता हूं, तो वह टैगोर होगी, क्योंकि भारत जैसी महाशक्ति के साथ सहयोग के क्षेत्र और सीखने के क्षेत्र असीमित हैं। लैमी ने भारत के साथ साझेदारी में काम करते हुए स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक पर जोर दिया।



## 51 वर्षीय लेबर नेता डेविड लैमी ने पिछले महीने ही कहा था कि अगर उनकी पार्टी 4 जुलाई को सत्ता में आती है तो वह नई दिल्ली का दौरा करेंगे

लैमी ने कहा, यूरोप और एशिया दो अलग दुनिया नहीं हैं। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में ब्रिटेन बना रहेगा और भारत के साथ सैन्य से लेकर समुद्री सुरक्षा तक, साइबर से लेकर महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों तक, रक्षा और औद्योगिक सहयोग तक सुरक्षा साझेदारी बढ़ाने की कोशिश करेगा।

इधर, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लैमी को विदेश सचिव नियुक्त होने पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, यूनाइटेड किंगडम के विदेश सचिव नियुक्त होने पर डेविड लैमी को बधाई। हम भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

### देश ने बदलाव के लिए मतदान किया- स्टार्मर

लेबर पार्टी के प्रमुख के प्रधानमंत्री बनने से पहले ऋषि सुनक ने मोनार्च में हुई एक बैठक के बाद इस्तीफा दिया था। स्टार्मर ने कहा कि देश ने बदलाव के लिए मतदान किया और इसके साथ ही लेबर पार्टी की राजनीति में वापसी हुई। स्टार्मर ने कहा, ह्यजब लोगों क समर्पण के बाद भी उन्हें मिलने वाली सेवाओं को सरकार द्वारा लंबे समय के लिए दूर रखा जाता है, तो इससे देशवासियों के दिलों में अजीब सी स्थिति बन जाती है। लोगों की इच्छाओं और उनकी उम्मीदों को हम सब मिलकर पूरा करेंगे ह्न

### शब्दों से नहीं बल्कि एक्शन से आएगा बदलाव

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के घावों को शब्दों से नहीं बल्कि एक्शन से भरा जाएगा। स्टार्मर ने इस बात पर जोर दिया कि आज से काम शुरू करने की बेहद आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की सरकार देश के हर एक नागरिक का सम्मान करती है। साथ ही, जनता की सेवा करना ही सरकार का मुख्य काम होगा।

स्टार्मर ने देश की जनता से वादा किया कि ब्रिटेन के संसाधनों को फिर से मजबूती के साथ तैयार किया जाएगा। ब्रिटेन की जनता को के नाम संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यआपने हमें बहुमत प्रदान किया है और हम इस जनादेश की मदद से देश में बदलाव लाएंगे।



### ब्रिटेन में भारतवंशी का जलवा बरकरार

# कीर स्टार्मर कैबिनेट में लीजा नंदी संभालेंगी अहम मंत्रालय

**लंदन।** ब्रिटेन के आम चुनाव में एकतरफा जीत के बाद कैबिनेट का एलान करते हुए कीर स्टार्मर ने भारतीय मूल की लीजा नंदी, जो उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन संसदीय क्षेत्र से एक बार फिर भारी मतों से चुनाव जीतकर आयी हैं, उनको संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्रालय सौंपा है। लेबर पार्टी की शानदार जीत के बाद कीर स्टारमर सीधे काम पर लग गए। बता दें कि उनकी कैबिनेट में राचेल रीव्स चांसलर ऑफ द एक्सचेकर के उच्च पद पर आसीन होने वाली पहली महिला बनीं और एंजेला रेनर ब्रिटेन के इतिहास में दूसरी महिला उप प्रधानमंत्री बनीं। जबकि भारतीय मूल की लीजा नंदी संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री बनाई गई है।

### लीजा नंदी ने सोशल मीडिया पर दी प्रतिक्रिया

वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए 44 वर्षीय लीजा नंदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि ब्रिटेन के संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग (डीसीएमएस) का नेतृत्व करना एक अविश्वसनीय विशेषाधिकार है। उन्होंने कहा, रग्बी लीग से लेकर रॉयल ओपेरा तक, हमारी सांस्कृतिक और खेल विरासत हमारे कस्बों, गांवों और शहरों में फैली हुई है और यह हमारे देश की सबसे बड़ी संपत्तियों में से एक है।

### विपक्षियों पर जमकर बरसीं लीजा नंदी

शुक्रवार को ग्रेटर मैनचेस्टर निर्वाचन क्षेत्र में एक दूर-दराज के रिफॉर्म के उम्मीदवार को हराने पर अपने स्वीकृति भाषण में लीजा नंदी ने गुस्से में कहा, मैं उन लोगों से कहना चाहती हूं जो अपनी घिनौनी, घृणित, नस्लवादी राजनीति को हमारे शहर में लेकर आए है, विगन का इतिहास कामकाजी वर्ग के लोगों का है, जिन्होंने 100 सालों तक आपको और आपकी नफरत को हमारे शहर से बार-बार बाहर निकाला है। तो आज इस परिणाम को अपने मार्चिंग ऑर्डर के रूप में लें। हम आपसे बेहतर शहर हैं। यहां आपका स्वागत नहीं है।

**लूसी फ्रेजर की जगह कार्यभार संभालेंगी नंदी :** जनवरी 2020 में अपने बॉस के खिलाफ लेबर पार्टी के नेतृत्व की प्रतियोगिता में अंतिम तीन प्रतियोगियों में से एक लीजा नंदी अब लूसी फ्रेजर से संस्कृति मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगी। लूसी फ्रेजर पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व वाले कंजर्वेटिव के लिए चुनाव में अपनी सीट खोने वाले टोरी मंत्रियों में से एक थीं।

# नाव पलटने से 105 की मौत, इस साल अब तक 5000 प्रवासियों ने गंवाई जान

**मॉरिटानिया।** पश्चिम अफ्रीकी देश मॉरिटानिया तट पर इस सप्ताह एक प्रवासी नाव पलटने से 105 लोगों की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य के दौरान केवल 89 शव बरामद किए गए हैं। दक्षिण-पश्चिमी शहर एनडियागो में मछली पकड़ने वाले संघ के अध्यक्ष याली फॉल ने कहा कि स्थानीय लोग सोमवार से तट से निकाले गए शवों को दफना रहे हैं। प्रवासन अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने कहा कि कैनरी द्वीप तक पहुंचने की कोशिश में 2024 के पहले पांच महीनों में लगभग 5,000 प्रवासियों की समुद्र में अप्रत्याशित रूप से मौत हो चुकी है।



पश्चिम अफ्रीकी देश की सरकारी समाचार एजेंसी और मछली पकड़ने वाले संघ के प्रमुख ने शुक्रवार को कहा, नाव पलटने की घटना बीते सप्ताह घटी। तट रक्षक ने 89 प्रवासियों के शव बरामद किए हैं, जो 170 लोगों को लेकर यूरोप जा रहे थे। पांच साल की बच्ची समेत नौ लोगों को बचा लिया गया है। दक्षिण-पश्चिमी शहर एनडियागो में मछली पकड़ने वाले संघ के अध्यक्ष याली फॉल ने शुक्रवार को कहा कि मरने वालों की संख्या 105 है। जानकारी के अनुसार, पश्चिमी अफ्रीका के तट से कैनरी द्वीप तक का अटलांटिक प्रवास मार्ग दुनिया के सबसे घातक मार्गों में से एक है। इस मार्ग का उपयोग आमतौर पर अफ्रीकी प्रवासी स्पेन पहुंचने के लिए करते हैं। गर्मी इसका सबसे व्यस्त समय है।

# शहबाज सरकार की बैठक में शामिल होगी इमरान की पार्टी, आतंकवाद विरोधी अभियानों पर होगा मंथन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी हाल के महीनों में सुरक्षा बलों के खिलाफ विद्रोहियों की तरफ से किए गए हमलों में बढ़ोत्तरी के बाद आतंकवादियों के खिलाफ नए अभियान के संबंध में आधिकारिक परामर्श बैठक में भाग लेगी।



**हाल ही में सरकार ने लॉन्च किया खास ऑपरेशन :** बता दें कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले महीने देश में आतंकवाद के ज्वार को रोकने के लिए 'ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम' शुरू करने की घोषणा की थी।

हालांकि, नए सैन्य हमले के विचार को इमराम खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समेत कई राजनीतिक दलों से ठंडी प्रतिक्रिया मिली।

**सर्वदलीय सम्मेलन आयोजित कर रही सरकार :** वहीं नए अभियान के बारे में आलोचना को कम करने और व्यापक समर्थन हासिल करने के लिए, शहबाज सरकार ने नई सैन्य रणनीति के बारे में सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेने और आतंकवादियों के खिलाफ नए अभियान पर एक सर्वदलीय सम्मेलन (एपीसी) आयोजित करने का फैसला किया है।

**देश के लिए बैठक में होंगे शामिल- इमरान :** रावलपिंडी की अदियाला जेल में एक मामले की सुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान इमरान खान ने घोषणा की कि पीटीआई के नेता पर्यवेक्षक के तौर पर सम्मेलन में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय महत्व का मुद्दा है और हम देश की खातिर सम्मेलन में शामिल होंगे।

# पाकिस्तान में मुहर्रम के दौरान सोशल मीडिया बंद करने की मांग, राज्यों को हिंसा का डर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मुहर्रम के दौरान सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लग सकता है। दरअसल पाकिस्तान के पंजाब राज्य समेत कई अन्य राज्यों ने संघीय सरकार से यह मांग की है। राज्यों को डर है कि मुहर्रम के दौरान हिंसा भड़क सकती है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए नफरती संदेश तेजी से फैलने का डर है।



### मुहर्रम के दौरान हो चुकी हैं कई आतंकी घटनाएं

मुहर्रम के दौरान शिया मुसलमान इस्लाम के पैगंबर के पोते की शहादत की याद में बड़ी-बड़ी सभाएं करते हैं और जुलूस निकालते हैं। शिया मुसलमान उनकी शहादत को अत्याचार के प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में मनाते हैं। इस दौरान मोहर्रम के पहले दस दिनों तक विशाल रैलियां करते हैं। शिया मुस्लिमों की सुन्नी मुस्लिमों के साथ ऐतिहासिक धार्मिक प्रतिद्वंदिता है। यही वजह है कि कट्टरपंथी सुन्नी समूहों की तरफ से मुहर्रम के दौरान शिया मुस्लिमों की रैलियों को निशाना बनाने की घटनाएं होती हैं। इस दौरान पाकिस्तान में बम विस्फोट या आत्मघाती हमलों का डर बना रहता है।

**पंजाब सरकार ने संघीय सरकार से की अपील :** हिंसा के डर से ही पाकिस्तान की सरकार मुहर्रम के दौरान दूरसंचार के साधनों पर रोक, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने जैसे कदम उठाती है। पंजाब की सरकार ने संघीय सरकार से अपील की है कि मुहर्रम के दौरान 6-11 जुलाई तक सोशल मीडिया सेवाओं पर रोक लगाई जाए ताकि भ्रामक संदेशों को फैलने से रोका जा सके।

पंजाब सरकार ने गृह मंत्रालय को एक पत्र लिखा है, जिसमें मुहर्रम के दौरान फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स, टिक-टॉक आदि सोशल मीडिया मंचों पर पूरे प्रांत में रोक लगाने की मांग की।

पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि सोशल मीडिया मंचों पर रोक लगाने का फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ही करेंगे। अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं किया है।

# बिलावल भुट्टो ने आम चुनाव में पारदर्शिता की कमी की बात स्वीकारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने फरवरी में हुए आम चुनाव की आलोचना की। उन्होंने आम चुनाव में पारदर्शिता की कमी को स्वीकार किया। बिलावल भुट्टो ने दावा किया कि आठ फरवरी के चुनावों में पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ी धांधली हुई थी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिलावल भुट्टो ने आम चुनावों में होने वाली धांधली के मुद्दे को खत्म करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजनेताओं को इस बात से सहमत होना होगा कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से हो और इसके परिणाम को स्वीकार किए जाने चाहिए।



बिलावल ने अन्य पार्टियों और राजनेताओं की तरफ से पैदा की जाने वाली बाधाओं पर अफसोस जताया। विकास पहलों के संबंध में बिलावल ने लीवर प्रत्यारोपण के लिए गम्बत में एक आधुनिक अस्पताल की स्थापना का हवाला देते हुए स्वास्थ्य सेवा में सिंध सरकार की उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने क्वेटा में भी इस तरह के विकास का वादा किया। पीपीपी के घोषणापत्र पर चर्चा करते हुए बिलावल ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को खत्म करने पर जोर दिया। उन्होंने राजनीतिक इंजीनियरिंग और राजनेताओं की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए एनएबी की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर प्रभाव पड़ा।

# चिंपैंजी-बोनोबोस की याददाश्त जानकर हो जाएंगे हैरान, 26 सालों तक याद रखते हैं परिचित चेहरे



**विशेष।** मनुष्य स्वाभाविक रूप से बहुत कम उम्र से ही चेहरों को पहचानने और उन चेहरों को याद रखने में माहिर होते हैं। नवजात शिशु चेहरे देखने में रुचि दिखाते हैं और जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, उनकी चेहरों को याद रखने की यह क्षमता और अधिक परिष्कृत होती जाती है। चेहरे की पहचान को अक्सर समग्र प्रसंस्करण की विशेषता होती है, जहां मस्तिष्क व्यक्तिगत विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय समग्र रूप से चेहरों को देखता है और याद रखता है। बता दें कि मनुष्य लंबे समय तक लोगों और रिश्तों को याद रखने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि वानर इस क्षमता को हमसे ज्यादा बेहतर रखते हैं।



**26 साल तक अलग रहने के बावजूद याददाश्त थी बेहतर :** प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में दिलचस्प निष्कर्ष सामने आए हैं, जिसमें बताया गया है कि चिंपैंजी और बोनोबोस 26 साल तक अलग रहने के बाद भी परिचित चेहरों को पहचानने की अद्भुत क्षमता रखते हैं। एक नेत्र-ट्रैकिंग परीक्षण के माध्यम से, शोधकर्ताओं ने देखा कि वानरों के पास चेहरों को याद रखने और पहचानने की गजब की क्षमता होती है। विशेष रूप से, उनकी टकटकी की अवधि उनके पिछले रिश्तों की गुणवत्ता के साथ सहसंबद्ध प्रतीत होती है, साथ ही उन लोगों पर लंबी नजरें निर्देशित होती हैं जिनके वे करीब थे। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि इस सामाजिक स्मृति की लंबाई और प्रकृति हमारी अपनी मानव दीर्घकालिक स्मृति के समान है।

**वानरों से ही मनुष्यों का हुआ विकास :** ये खोज इस धारणा को समर्थन देती हैं कि मनुष्यों के पूर्वज बानर थे और उनमें याददाश्त रखने की क्षमता चिंपैंजी और बोनोबोस से ही विकास पाई हैं, जो संभवतः लाखों साल पहले एक सामान्य पूर्वज से उत्पन्न हुई थीं।

शोध की पहली लेखिका डॉ लॉरा लुईस, जो कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में कार्यरत हैं, ने द गार्जियन को बताया, ₹ये परिणाम अब तक गैर-मानव जानवरों में पाई गई सबसे लंबी दीर्घकालिक यादों में से कुछ का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह भी उनमें से एक है यह दिखाने वाला पहला अध्ययन है कि वानरों की यादें उनके सामाजिक संबंधों से आकार ले सकती हैं।₹

# जो बाइडन की उम्मीदवारी पर संकट, कमला हैरिस बन सकती हैं राष्ट्रपति पद की दावेदार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आ रहे हैं और डेमोक्रेट पार्टी एक अलग समस्या से जूझ रही है। दरअसल जो बाइडन की राष्ट्रपति पद की दावेदारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेमोक्रेट पार्टी अब उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तरफ देख रही है। डेमोक्रेट पार्टी के कई नेता, दानदाता और पार्टी कार्यकर्ता मानते हैं कि जो बाइडन, ट्रंप के सामने कमजोर रह सकते हैं, यही वजह है कि अब जो बाइडन की जगह कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाने पर विचार किया जा रहा है।



**बहस में पिछड़ने के बाद बाइडन की बढ़ती उम्र को लेकर तेज हुई चर्चा :** बीते दिनों अटलांटा में हुई राष्ट्रपति पद की पहली बहस में जो बाइडन, डोनाल्ड ट्रंप के सामने कमजोर साबित हुए थे। बहस के दौरान कई बार बाइडन की जुबान लड़खड़ाई और जिस तरह से उन्होंने जवाब दिए, उसके बाद से उनकी बढ़ती उम्र की चर्चा फिर से तेज हो गई थी। हालांकि बाइडन अपनी उम्मीदवारी छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो डेमोक्रेट पार्टी के भीतर एक वर्ग कमला हैरिस को जो बाइडन के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है। कमला हैरिस और उनकी प्रचार टीम अभी सार्वजनिक रूप से बाइडन का ही समर्थन कर रही है, लेकिन हाल के दिनों में उनके प्रचार अभियान में जो सूक्ष्म बदलाव आए हैं, उससे भी अटकलों को बल मिला है।

**जो बाइडन के चुनाव अभियान ने अटकलों को किया खारिज :** कमला हैरिस अपने बयानों में डोनाल्ड ट्रंप पर ज्यादा आक्रामक होकर हमला कर रही हैं। पार्टी के भीतर जो बाइडन को मनाने की कोशिशें चल रही हैं कि वह कमला हैरिस का समर्थन करें। डेमोक्रेट पार्टी में एक वर्ग ऐसा भी है जो कमला हैरिस के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को लेकर आशंकित है।

# प्रताप विहार में भाजपा का मतदाताओं से संवाद व अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

## मोदी की गारंटी ने हमें जिताया और सपा-कांग्रेस गारंटी ने जनता को बहकाया : अतुल गर्ग







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा द्वारा मतदाताओं से संवाद व अभिनंदन कार्यक्रम किया गया। महानगर की तीनों विधानसभाओं में पार्टी ने बढ़त बनाई है। इसे लेकर शहर विधानसभा में मतदाता अभिन्नदन कार्यक्रम लीलावती पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में किया गया।

कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मतदाता भाग्य विधाता है। भाजपा ने हमेशा जनादेश का सम्मान किया है। विपक्ष को ये समझना चाहिए कि भाजपा पर यदि जनता का विश्वास न होता तो तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री न बनते। राहुल गांधी ने उस जनता को हिंसक कहा जिसने लोकतंत्र में उन्हें चुनकर संसद तक पहुंचाया है। अतुल गर्ग ने कहा मोदी की गारंटी ने हमें जिताया और उनकी गारंटी ने जनता को बहकाया है। अगर मेरे भोले भाले मतदाता बहकावे में न आते तो हम नया इतिहास रचते।

पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि शहर विधानसभा में कार्यकर्ताओं ने 2022 में भी ऐतिहासिक जीत देकर अपना विश्वास भाजपा सरकार की कार्यशैली पर दिखाया था और 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने मोदी की गारंटी पर विश्वास दिखाया है।

### भाजपा कार्यकर्ता आगामी उपचुनाव में भी इतिहास रचेंगे: महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा

**करंट क्रइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार जताते हुए कहा कि दो या तीन महीने में शहर विधानसभा का चुनाव होने वाला है, सभी कार्यकर्ताओं को शहर विधानसभा की जीत को ऐतिहासिक बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी है। उन्होंने कहा गाजियाबाद का कार्यकर्ता 44 डिग्री के तापमान में भी बूथ पर डटे रहकर जीत का इतिहास बना सकता है तो आने वाले उपचुनाव में इतिहास हीआपकी जीत की गवाही देगा।

पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि हमारा सांसद हमारे बीच का एक कार्यकर्ता है हर कार्यकर्ता अपने सांसद से सुलभता से मिल सकता है।

राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि गाजियाबाद के एक कार्यकर्ता से विधायक बने उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनना और एक कार्यकर्ता का सांसद बनना कार्यकर्ताओं की जीत को दर्शाता है।

इस मौके पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग , पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, बाबूजी बलदेव राज शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा , पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, प्रदीप चौहान, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, संदीप त्यागी, विधानसभा कार्यक्रम संयोजक संजय कांत शर्मा, रनीता त्यागी,उदिता त्यागी, रेनू चंदेला, पंकज भारद्वाज आदि मौजूद रहे। इनके अलावा कार्यक्रम के दौरान पार्षद संत राम यादव, पार्षद नीरज गोयल , पार्षद पूनम सिंह, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, महिम गुप्ता , प्रतीक माथुर, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित सैकड़ों मतदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी ने किया।

## भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह के पारिवारिक सदस्यों का समरकूल प्रतिष्ठान पर भव्य स्वागत







गाजियाबाद करंट क्राइम। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह के पारिवारिक सदस्य कुंवर शुभम सिंह व शशांक सिंह शहर के जाने माने उद्योग समरकूल प्रतिष्ठान पर अपने साथियों के साथ पहुंचे। इस अवसर पर अथिति देवो भवः की परंपरा का निर्वाह करते हुए समरकूल प्रतिष्ठान पर उनका भव्य स्वागत सत्कार किया गया। समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता के पुत्र आशुतोष गुप्ता व तनुज गुप्ता अथितियों को अपने प्रतिष्ठान का भ्रमण कराकर उपक्रम की जानकारी देते हुए।

# डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया: पप्पू पहलवान





**साहिबाबाद , करंट क्राइम ।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने मानवता के उपासक, सिद्धान्तवादी राजनीतिज्ञ, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक , राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले परम श्रद्धेय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये और नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं एशियन पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण सूर्या पार्क गुलमोहर पार्क दयानंद पार्क में किया गया।

महामंत्री पप्पू पहलवान ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का लगाया पौधा आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हो गया है। उन्होंने हमेशा देश की एकता व अखंडता के लिए कार्य किया और देश की आजादी के बाद कश्मीर समस्या को लेकर मुखर होकर आंदोलन किया।

इस अवसर पर डीएन कौल, भूषण लाल, प्रतीक माथुर, प्रेम त्यागी, सुनील शर्मा, शत्रुघ्न लाल सुमन सती, सीमा सिंह, कंचन सक्सेना, निशा चौहान, आशा पवार, अनीता राणा, मुनेश कसाना, प्रियंका सोलंकी, मंजू सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने लगाया एक पौधा मां के नाम




**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित छठ पार्क में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में सरकार की योजना उद्यान विभाग के द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम पर पौध रोपा। इस मौके पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, प्रेमपाल यादव, अनीश कृष्णा, मंगल सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। आज पूरे देश में जिस प्रकार से वृक्षों की कटाई हो रही है, उस हिसाब से पौधे लगाए नहीं जा रहे हैं। लोग अपने-अपने घरों में पौधे लगाकर हरियाली बनाना चाहते हैं जो संभव नहीं है, प्रकृति को प्रदूषणमुक्त करने के लिए शीशम, नीम, पीपल, बरगद, आम, कटहल, आदि बड़े छायादार पौधे नहीं लगाए जाएंगे तब तक प्रकृति को प्रदूषण से नहीं बचाया जा सकता है। सरकार के द्वारा एक वृक्ष मां के नाम जो योजना चलाई है, तो सभी भारतवासियों को चाहिए कि इस योजना के अंतर्गत सभी लोग वृक्षारोपण करें और धरती मां का श्रंगार वृक्ष लगाकर करें, क्योंकि अगर हरियाली चाहिए शीतलता चाहिए तो वह शीतलता शुद्ध वायु हमें पेड़ों के द्वारा ही प्राप्त हो सकती है। ऐसे में हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

# पार्षद रुकसाना सैफी ने की शिवरात्रि पर मंदिरों की सफाई व शुद्धजल की मांग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड- 95 की पार्षद रुकसाना सैफी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सावन शिवरात्रि के महापर्व से पूर्व शहर के श्रीदूधेश्वर नाथ मठ मंदिर समेत सभी मंदिरों के आसपास पीने का शुद्ध जल, सीवर सफाई, टूटी सड़कों की मरम्मत, पथ प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल शौचालय, गंगाजल की व्यवस्था, ,ंदिरों के पास बैरिकेडिंग, विद्युत आपूर्ति एव अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। पार्षद रुकसाना सैफी ने कहा है कि सावन की शिवरात्रि पर सभी मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाता है इसलिए उपरोक्त व्यवस्थाएं कराना जरूरी हो जाता है। रुकसाना सैफी ने जिलाधिकारी से समय रहते सारी व्यवस्थाएं कराने की मांग की है।

# वसुंधरा वार्ड 61 के पार्कों में लगी घास , पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने किया उद्घाटन





**साहिबाबाद , करंट क्राइम।** वसुंधरा के वार्ड 61 के सेक्टर 4ए मनोकामना अपार्टमेंट एवं 2 बी 620 के सामने वाले पार्क में में घास लगाने के लिए खुदाई की गई। वार्ड 61 के पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने बताया कि वार्ड के 10 पार्कों की खुदाई कर उसको समतल किया जाएगा। इसके बाद पार्क में घास लगवाई जाएगी।

पूर्व पार्षद का कहना है कि जगह-जगह पौधरोपण कर पार्क विकसित करने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने शनिवार को इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।उन्होंने कहा कि वार्ड के दो पार्कों में घास लगाने का कार्य पूरा हो गया है , बाकी 8 पार्कों में घास का कार्य चल रहा है ।यह कार्य बहुत जल्दी पूरा होगा। इस अवसर पर वार्ड के लोगों ने पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया ।उन्होंने कहा कि वार्ड की पार्षद पुत्र वधु शिल्पा चौधरी है जिसके प्रयास से वार्ड में विकास के कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह मंडल मंत्री, विनय सिंह, गजराज सिंह, रवि राय, मनोज कुमार, रितेश झा, कपिल भाटी, संजय सर, बृजपाल सिंह, भारत डर्बी, निगम से सुपरवाइजर बच्चन पाल, पिंकू आदि लोग उपस्थित रहे।

# क्या मानसून सीजन में नालों की सफाई के मामले में पास होगा नगर निगम

## नगर आयुक्त खुद कर रहे हैं मॉनिटरिंग और अपर नगर आयुक्त देख रहे हैं सफाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में अभी मानसून ने पूरी तरीके से दस्तक नहीं दी है। झमाझम बारिश नहीं हुई है और सड़कों पर जलभराव भी अभी देखने को नहीं मिला है। तो अभी नालों की सफाई का टेस्ट भी अधूरा है। नगर निगम के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि इस बार मानसून के सीजन के लिए नगर निगम तैयार है और नालों की सफाई का काम बहुत तेज गति से चल रहा है।

शहर के 109 प्रमुख नालों की सफाई के लिए सत्यापन कार्य हो रहा है। इसके लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। बताया जा रहा है कि शहर के 525 छोटे-बड़े नाले हैं। जिसमें से 10 की जांच कराई जा रही है।

सत्यापन के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा टीम बनाई गई है। जिसमें अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव सिटी जोन के 11 वालों की सफाई व्यवस्था देखेंगे। तो वसुंधरा जोन के अंतर्गत 50 नालों की जिम्मेदारी अवनींद्र कुमार को दी गई है। डॉ. अनुज कुमार उद्यान प्रभारी विजयनगर 10 नालों की सफाई व्यवस्था का हाल जानेंगे। तो मोहन नगर जोन के अंतर्गत अभियंता निर्माण एनके चौधरी की भी ड्यूटी लगाई है। 11 नालों की सफाई वो नजर रखेंगे। 27 नाले वसुंधरा जोन में है जिनकी सफाई और सत्यापन रिपोर्ट महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा तैयार की जाएगी। इस प्रकार नगर आयुक्त द्वारा पांचो जोन में जलभराव की समस्या का निवारण करने के लिए कुल 109 नालों की रिपोर्ट मांगी गई है।

### अधिकारी लगा रहे हैं ठेकेदारों की क्लास ताकि नालों से पानी का बाहर ना हो निकास



**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि मानसून से पूर्व बारी-बारी सभी नालों की सफाई कर दी गई है। साथ ही छोटे-बड़े नाले मिलाकर 109 नालों की सत्यापन रिपोर्ट भी एकत्रित कराई जा रही है। अधिकारी प्रतिदिन ठेकेदारों से कार्य की प्रगति रिपोर्ट ले रहे हैं, इसका मकसद यह है कि नगर निगम क्षेत्र में आने वाले नालों की सफाई कितनी हुई है। क्या स्थिति है, पता चल जाए। नालों की सफाई होगी तो मानसून की बारिश के दौरान नाले ओवरफ्लो होकर जल की निकासी सड़कों पर नहीं होगी। यही नगर निगम के अधिकारियों और नगर आयुक्त की सोच है, इसके साथ ही क्षेत्रीय पार्षदों से भी नगर निगम की टीम लगातार संपर्क कर उनके वार्ड और इलाके में आने वाले पुलिया, नाले और नालियों की सफाई की रूपरेखा बनाई जा रही है। कुल मिलाकर नगर निगम ने इस बार नालों की सफाई और जलभराव की स्थिति ना हो जो प्लानिंग की है अगर कार्य बेहतर हुआ तो स्थिति कुछ अलग मिलेगी।

# दो कारों में टक्कर मारकर पलटी तेज रफ्तार ब्रीजा



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र वसुंधरा सेक्टर 10 में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ब्रीजा कार सड़क किनारे खड़ी 2 कारों में टक्कर मारने के बाद पलट गई। कारों में टक्कर लगने की आवाज सुनकर घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोग घरों से बाहर निकल आये। इस दौरान ब्रीजा कार का चालक भी पलटी हुई कार से बाहर निकल आया था। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ। हालांकि तीनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार के स्वामियों ने थाना इंदिरापुरम पुलिस से घटना की शिकायता की। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर कार चालक को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पार्षद राजकुमार भाटी ने एक पौधा मां के नाम रोपा



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 89 वैशाली सेक्टर-5 के शाहिद स्वप्निल पार्क में पार्षद राजकुमार भाटी ने एक पौधा मां के नाम रोपा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर एक पौधा मां के नाम रोपा गया। पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें वार्ड के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये सभी लोगों ने एक-एक पौधा रोपा और संकल्प लिया कि इसकी देखरेख भी हम लोग करेंगे।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' सम्पन्न

## सदर समेत तीनों तहसीलों में कई समस्याओं का किया मौके पर निस्तारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में जनपद की तीनों तहसील में प्रत्येक प्रथम और तृतीय शनिवार को मनाये जाने वाले "सम्पूर्ण समाधान दिवस" का आयोजन किया गया। सदर तहसील में एसडीएम सदर अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान सदर तहसील में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। सर्वाधिक 17 शिकायतें पुलिस विभाग व 13 राजस्व विभाग की थी। वहीं मोदीनगर तहसील में एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया जिसमें 64 शिकायतें आई जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण हुआ। लोनी तहसील में एडीएम एलए विवेक मिश्रा व एसडीएम निखिल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया जिसमें 60 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया, जिसमें सर्वाधिक शिकायतें नगर पालिका की 21 व पुलिस, राजस्व विभाग की 13-13 शिकायतें थीं।

# गाजियाबाद से गुजरने वाली 10 ट्रेन रहेंगी रद्द, पांच का रूट और समय बदलेगा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आप यदि अक्सर ट्रेन से सफर करते हैं तो यह खबर आपके लिए हैं। मुरादाबाद- लखनऊ रेल मार्ग इंटरलॉकिंग का काम होने के चलते जुलाई के अंतिम और अगस्त के प्रथम सप्ताह में रेल परिचालन प्रभावित रहेगा। इसलिए रेल में सफर करने कार्यक्रम बनाने से पहले यह खबर जरूर पढ़ लें। रेल प्रशासन के मुताबिक गाजियाबाद से गुजरने वाली 10 ट्रेन इस दौरान रद्द रहेंगी और पांच ट्रेन रूट और समय परिवर्तित कर चलाई जाएंगी। इस दौरान राजधानी जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन भी रूट परिवर्तित रहेगा। नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार का कहना है कि घर से निकलने से पहले एक बार अपनी ट्रेन का सही समय पता करना न भूलें। रेलवे के पीआरओ ने बताया कि 24 जुलाई से शुरू होने वाले इस ब्लॉक के दौरान डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 5 अगस्त को गाजियाबाद से कानपुर और लखनऊ के रास्ते संचालित किया जाएगा और इसी रूट से वापसी होगी। राजधानी एक्सप्रेस जैसी वीआईपी ट्रेन भी 5 अगस्त को एक घंटे की देरी से संचालित होगी, इसी प्रकार श्रमजीवी एक्सप्रेस को भी एक घंटे देर से चलाए जाने की तैयारी है। राजधानी एक्सप्रेस और गरीब रथ को 19 से 22 जुलाई के बीच करीब एक घंटे तक की देरी से संचालित किया जाएगा।

### कुल 60 ट्रेन रद्द रहेंगी

रेल प्रशासन का कहना है कि 24 जुलाई से छह अगस्त तक कुल 60 ट्रेन रद्द रहेंगी। इनमें से 10 ट्रेन गाजियाबाद से होकर गुजरती हैं। रद्द की गई ट्रेनों में से बाकी है ऐसी हैं जो मुरादाबाद से लखनऊ रूट पर जाती हैं। दिल्ली-एनसीआर में पूर्वांचल की बड़ी आबादी निवास करती है जो अक्सर इस रूट पर ट्रेन से यात्रा करती है। इन लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए रेलवे ने पहले से जानकारी साझा करने का प्रयास किया है।

### गाजियाबाद से गुजरने वाली 10 ट्रेन रहेंगी रद्द (अप एंड डाउन)

- **श्रमजीवी एक्सप्रेस** - 26 जुलाई से 4 अगस्त
- **गरीब रथ** - 24 जुलाई से 2 अगस्त
- **काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस** - 31 जुलाई से 5 अगस्त
- **अवध-असम एक्सप्रेस**- 29 जुलाई से 4 अगस्त
- **गरीब रथ** - 3 से 6 अगस्त

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद, करंट क्राइम। एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने एक शहीद की शहादत को सलाम किया। शहीद को मरणोपरांत कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। ये सम्मान शहीद अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति ने प्राप्त किया। एक शहीद की शहादत को सलाम करते एडीएम सिटी गंभीर सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।